

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 5 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-218 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







**कांग्रेस ने जारी किया भरोसे का घोषणा पत्र**

# प्रति क्विंटल 3200 रुपए में होगी धान खरीदी





## घोषणा पत्र के बड़े वादे

- किसानों का कर्ज माफी
- 3200 रुपए में प्रति क्विंटल धान खरीदी
- 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी
- 200 यूनिट बिजली फ्री
- सभी सरकारी स्कूल कॉलेज में केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा
- तेंदुपत्ता बोनस 4 हजार के जगह 6 हजार रु.दिया जाएगा
- तेंदूपत्ता का प्रति बोरा 600 रुऔर 400 रु. सालाना बोनस भी
- भूमिहीनों को मिलेंगे 10000 रु. प्रतिवर्ष
- गैस सिलेंडर पर 500 रु की सब्सिडी
- साढ़े 17.5 लाख गरीब परिवारों को आवास
- लघु वनोपज की एमएसपी पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 प्रति किलो
- 10 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज
- दुर्घटनाओं पर मुफ्त इलाज
- तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा
- परिवहन व्यववसायी के होंगे कर और कर्ज माफ
- 700 रीपा का होगा निर्माण
- सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल
- स्व सहायता समूह का भी होगा कर्ज माफ
- जातिगत जनगणना कराई जाएगी युवाओं को उद्योग वेबसाइट में 50% सब्सिडी
- अंत्योष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध

**रायपुर,5 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए सीएम भूपेश बघेल ने आज राजनांदगांव में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं को फोकस किया गया है. रायपुर में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने घोषणा पत्र जारी किया. इस दौरान मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा मौजूद रहे.घोषणा पत्र में 3200 रुपए में प्रति क्विंटल धान खरीदने, किसानों का कर्जमाफ करने, केजी टू पीजी तक मुफ्त शिक्षा की घोषणा की गई है. इसके अलावा कांग्रेस ने साढ़े 17.5 लाख गरीब परिवार को आवास देने की भी बड़ी घोषणा की है. रायपुर में घोषणा पत्र जारी करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि हमने भरोसे का घोषणा पत्र लिखा है। आज के दिन किसी के साथ भरोसा शब्द जुड़ता है तो वह कांग्रेस के साथ जुड़ता है। जुमलेबाजी शब्द किसी के साथ जुड़ता है तो वह भाजपा के साथ जुड़ता है। हमनें पिछली बार जब कहा कि किसानों के ऋण माफ करेंगे। हमारी सरकार बनते ही सबसे पहला काम किसानों का कर्ज माफ करने का किया। 20 लाख किसानों के 10 हजार करोड़ रुपये माफ किया।

### भाजपा नेता की हत्या पर सीएम बघेल बोले

## पहले भी कहा था एनआईए से जांच करा लीजिए, हो सकता है षड्यंत्र

**रायपुर,5 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नारायणपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष की हत्या पर सियासत गरमा गई है. नक्सलियों से सांठगांठ के आरोप पर सीएम बघेल का बयान सामने आया है. सीएम बघेल ने हत्या को लेकर कहा, पहले भी कहा था कि एनआईए से जांच कर लीजिए. भारत सरकार को चिट्ठी भी लिखी गई, लेकिन उनको सिर्फ राजनीति करना है. आगे भूपेश बघेल ने कहा, जिला स्तर के पदाधिकारी की मृत्यु हुई है. पूरी परिवार के प्रति संवेदनाएं हैं. हमारे फोर्स के दबाव के चलते नक्सली पीछे हटे हैं. कहीं छुट-पुट घटनाएं हो रही हैं, इससे इंकार नहीं किया जाता. पहले और अब की स्थिति में जमीन आसमान का फर्क है. बदनाम करने की साजिश पर भूपेश बघेल ने कहा, जांच होगी तो पता चलेगा. लेकिन हो सकता है षड्यंत्र हो, इससे इंकार नहीं किया जा सकता. वहीं घोषणा पत्र को लेकर भी भूपेश बघेल का बयान सामने आया है. भूपेश बघेल ने कहा, सभी विधानसभाओं में हमने आम सभा की, जनता से मुलाकात की. जो गारंटी हमने दिया है, वह हम पूरा करेंगे. छत्तीसगढ़ की जनता को



कांग्रेस की गारंटी पर पूरा भरोसा है. भाजपा के गारंटी की कोई गारंटी नहीं है, पहले भी उन्होंने सभी को ठगने का काम किया है. योगी आदित्यनाथ द्वारा कबीरधाम में हिंदुत्व के मुद्दे पर दिए गए बयान को लेकर भी भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. भूपेश बघेल ने कहा, आदित्यनाथ जी अपने नाम के आगे योगी लिखते हैं और एक आसन ठीक से कर नहीं पाते. आसन कर लें फिर योगी कहलाएं और फिर बात करें. जो उत्तर प्रदेश में हो रहा है, वह छत्तीसगढ़ में नहीं हो रहा. गौमाता के भक्त बनते हैं, वहां किसान अपने धान 1200 में बेच रहे हैं, पहले उनकी स्थिति सुधार लें. पीएम मोदी ने गरीबों को एक जाति बताया था. जिसको लेकर भूपेश बघेल ने कहा, एक तरफ वह कहते हैं एक ही जाति गरीब की. दूसरी ओर पिछड़ा वर्ग कैसे आ गए, अपने ही बात का खंडन कर रहे हैं. मोदी जी आजकल यू टर्न मारना शुरू कर दिए हैं. केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी षडयंत्र पूर्वक मुझे बदनाम कर रही है. यदि आप किसी को बदनाम करेंगे तो आपका पतन निश्चित है. जातिगत जनगणना से पता चलेगा आधुनिक युग में कौन पीछे रह गया, तब तो योजना बनाएंगे. भाजपा के तीन दिवाली वाले बयान पर सीएम बघेल ने तंज कसते हुए कहा, ये तो पांचवा कुंभ भी शुरू किए थे. हमारे धर्म ग्रंथों में चार ही कुंभ के उल्लेख हैं. दीपावली एक ही होती है, जो हमारे शास्त्रों में लिखा है. ये शास्त्रों से बाहर जाकर काम कर रहे. यह दिवाली नहीं मनाएंगे यह दिवालियापन है. छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं किया केवल एक ही टारगेट है भूपेश बघेल को गाली दो. बूथ के कार्यकर्ता से लेकर प्रधानमंत्री तक एक सूत्री कार्यक्रम, भूपेश बघेल को गाली दो.


## पीएम मोदी ने किए मां बम्लेश्वरी के दर्शन

### चंद्रगिरि जैन मंदिर पहुंच विद्यासागर महाराज से लिया आशीर्वाद

**डोंगरगढ़,5 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच आज डोंगरगढ़ में छोटी मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद लिए. इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह साथ में थे. प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे मंदिर क्षेत्र की दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए थे. भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्होंने नीचे छोटी मां बम्लेश्वरी मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिए. इसके बाद डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि जैन मंदिर के लिए रवाना हो गए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रगिरि जैन मंदिर में आचार्य विद्यासागर जी महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया. प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए इस फोटो साझा करते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद प्राप्त कर धन्य महसूस कर रहा हूं.





## सुरक्षाबलों ने नक्सली कैंप किया ध्वस्त

**कांकेर,5 नवंबर।** जिले के ताड़ोकी क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. मुठभेड़ करीब एक घंटे तक चली. वहीं जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली कैंप छोड़ भाग गए. जवानों ने नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है. घटना एसपी दिव्यांग पटेल ने मुठभेड़ की पुष्टि की है.

जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी. तभी मुरनार के जंगलों में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुआ. इस मुठभेड़ में एक घंटे तक दोनों तरफ से गोलीबारी हुई. वहीं जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए. जवानों ने इस मुठभेड़ में नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है और सर्चिंग अभियान जारी है.

### आईईडी ब्लास्ट में नक्सली की मौत

**सुकमा,5 नवंबर।** पहले चरण का चुनाव 7 नवंबर को होना है. चुनाव को प्रभावित करने नक्सली लगातार कायराना करतूत को अंजाम दे रहे हैं. इसी बीच एक हादसे में नक्सली के मौत की खबर सामने आई है. बताया जा रहा है नक्सलियों द्वारा आईईडी प्लांट करते वक्त आईईडी ब्लास्ट होने से एक नक्सली की मौत हो गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुकमा के मुकरम और मर्कागुड़ा के बीच नक्सलियों द्वारा आईईडी प्लांट किया जा रहा था. इसी दौरान आईईडी ब्लास्ट हो गया, जिसकी चपेट में आने से नक्सली की मौत हो गई. हालांकि इस घटना की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

## सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों के घर में ईडी का छापा

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,5 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई लगातार जारी है। ईडी की टीम ने भिलाई में तीन ठिकानों पर कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर्ड अधिकारी श्रीकांत मुसले, रिटायर्ड टीचर उन्नीयन और मुस्तफा मंजिल पर दबिश दी। ये तीनों घर आसपास ही मौजूद है। खबर के मुताबिक यहां बड़े पैमाने पर नगदी रकम मिली है। मामले में ईडी के अधिकारी तीनों मकानों के मालिकों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक यह पूरी कार्रवाई ईडी द्वारा सट्टेबाजी ऐप महादेव बुक से जुड़े असीम दास से पूछताछ के बाद की गई। ईडी की टीम ने गुरुवार को रायपुर के एक होटल के सामने खड़े एक कूरियर के एसयूवी वाहन से 3 करोड़ से ज्यादा की नगदी बरामद की थी। कूरियर कर्मी के निशानदेही पर ईडी की टीम ने भिलाई के हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी में असीम दास के घर पर दबिश दी। वहां ईडी की टीम ने 2 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद की थी। मामले में ईडी की टीम ने सुपेला पुलिस के एक हेड कॉन्सटेबल भीम सिंह यादव को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों को ईडी ने रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया था।

## पंचतत्व में विलीन हुए भाजपा नेता रतन दुबे

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**नारायणपुर,5 नवंबर।** पार्टी प्रचार के दौरान नक्सलियों के हाथों मारे गए भाजपा नेता रतन दुबे का आज सुबह अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप, नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप के अलावा बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के नेता, व्यापारी और आमजन मौजूद रहे. भाजपा नेता रतन दुबे का पार्थिव शरीर सुबह पोस्ट मार्टम के बाद भाजपा कार्यालय लाया गया, जहां श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उनके निवास ले जाया गया. इसके बाद बखरूपारा मुक्तिधाम के लिए अंतिम यात्रा निकली. भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप और कांग्रेस प्रत्याशी चंदन कश्यप श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे. रतन दुबे लोकप्रिय नेता होने के साथी परिवहन संघ के अध्यक्ष भी थे. उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के नेताओं के साथ व्यापारी भी पहुंचे. इस दौरान नगर की व्यापारिक प्रतिष्ठानें बंद रही. बता दें कि नक्सलियों ने शनिवार को भाजपा नेता रतन दुबे की ग्राम कौशलनार में पार्टी के लिए प्रचार के दौरान नक्सलियों ने हत्या कर दी थी. रतन दुबे कौशलनार इलाके से जनपद सदस्य भी थे. भाजपा नेता रतन दुबे के अंतिम संस्कार में शामिल हुए भाजपा नेता केदार कश्यप ने पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच की मांग की. मीडिया से चर्चा में उन्होंने रतन दुबे को सुनियोजित हत्या करार देते हुए कहा कि यह टॉर्गेट किलिंग है. रतन दुबे जिला पंचायत सदस्य होने के नाते क्षेत्र में बखूबी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं.



## कार्यकर्ताओं के लिए स्मृति ईरानी ने बनाई चाय



**केशकाल,5 नवंबर।** बस्तर में आज चुनाव प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी केशकाल पहुंची है. इस दौरान उन्होंने बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं को स्वयं चाय बनाकर सभी को पिलाई है। बता दें कि वहीं स्मृति ईरानी चाय पर चर्चा करने के बाद बोरगांव से बहीगांव होते हुए स्मृति ईरानी फरसगांव पहुंचेगी। वे शाम 4.15 बजे कटघोरा और शाम 6.30 बजे कोरबा में आम सभा को संबोधित करेंगी। कोरबा में ही रात्रि विश्राम करेंगी।

**उनके पास कोई और काम नहीं रह गया: सीएम**-1200 वाला गैस सिलेंडर है या 400 वाला? कौन से सिलेंडर से बनाएंगे चाय ? पहले 400 था तो बड़ा महंगा था, अभी 900 वाले में बना रहे या 1200 वाले में.सीएम भूपेश ने कहा कि उनके पास कोई और काम नहीं रह गया है.

## 9 महीने में 9 भाजपा नेताओं की हत्या : केदार

**रायपुर,5 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में लगातार भाजपा नेताओं की हत्या हो रही है. शनिवार की शाम नारायणपुर में फिर से एक बीजेपी नेता की हत्या हुई. जिसको प्रदेश में सियासत गरमा गया है. वहीं बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने बीजेपी नेताओं की हत्या को लेकर सरकार पर टारगेट किलिंग का आरोप लगाया है. वहीं सीएम भूपेश बघेल ने आरोप पर पलटवार किया है. बीजेपी नेता की हत्या पर केदार गुप्ता ने कहा कि पिछले 9 महीने में 9वीं बार आज भाजपा नेता की हत्या हुई है. 16 जनवरी कांकेर में भाजपा नेता बुधराम करताम की संदिग्ध मौत हुई. 5 फरवरी बीजापुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलकंठ कक्केम की शादी समारोह में जाकर नक्सलियों ने हत्या की. 10 फरवरी नारायणपुर भाजपा जिला अध्यक्ष सागर साहू की नक्सलियों के हत्या की. 11 फरवरी दंतेवाड़ा के पूर्व उप सरपंच रामधर अलामी की नक्सलियों ने हत्या की. 21 जून बीजेपी के एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री काका




अर्जुन की गला रेत कर नक्सलियों ने हत्या की. 18 अगस्त बिजापुर जिले के चिन्नागेलूर निवासी रामा पुनेम की नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगकर हत्या की. 21 अगस्त भाजपा नेता महेश गोटा की चिकट राज पहाड़ी से अगवा कर नक्सलियों ने हत्या की. 20 अक्टूबर मौहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता बिरजू तारम की हत्या की. 4 नवंबर को कुल्हाड़ी से मारकर नारायणपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रत्न दुबे की नक्सलियों ने हत्या की. इन सभी हत्याओं को लेकर केदार गुप्ता ने कांग्रेस सरकार पर टारगेट किलिंग का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस सरकार नक्सलवाद की आड़ में टारगेट किलिंग करवा रही है. सरकार की जिम्मेदारी है जनता के जान माल की सुरक्षा हो. ये टारगेट किलिंग नहीं रुक रही है. हम आरोप लगाते है कि सरकार फेल है. 9 महीने में 9 भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गयी है. डॉ अंबेडकर द्वारा रचे सविंधान के हिसाब से इसे लोकतंत्र की हत्या माना जा सकता है. विधानसभा के संयोजक की हत्या करना साजिश पूर्ण है. क्या भजापा में होना गुनाह है? ये 9वें कार्यकर्ता की शहादत है. उन्हें हम श्रधांजलि अर्पित करते हैं. भाजपा उनके परिवार के साथ खड़ी है.

## एक नजर



### अनामिका बनी भारत माता

**कवर्धा 5 नवंबर।** होली क्रास स्कूल की क्लास थ्री की छात्रा कुमारी अनामिका साहू भारत माता बनी । होली क्रास स्कूल में बाल दिवस 4 नवंबर को मनाया क्यूंकि 14 नवंबर दिवाली की छुट्टी होती है ।

### महिला सुरक्षा , रोजगार ,शराबबंदी महिलाओ की नजर में है मुख्य मुद्दे



**कवर्धा 5 नवंबर।** कवर्धा और पंडरिया विधानसभा में महिलाओ ने कहा की शराब बंदी , महिला सुरक्षा , विकास , रोजगार को प्रमुखता से मुद्दा माना और कहा की शराब बंद होगी तो बहुत अच्छा होगा तो स्वास्थ्य बेहतर रहेगा । पढ़ी लिखी शिक्षित यूथ स्टूडेंट और महिलाओ ने कहा की महिला सुरक्षा , रोजगार , विकास बहुत जरूरी है । एक महिला ने कहा की हमारे गांव में पानी अच्छे से मिले और एक महिला ने कहा की आवास मिलना चाहिए क्योंकि आवास नही बना है । समय पर सात नवंबर को वोट देने जायेंगे कई महिलाओ ने कही और सबसे पहले मतदान करे यह भी अपील करते है । किसानों में कर्जमाफी, धान समर्थन और प्रधान मंत्री आवास को लेकर भारी चर्चा है । कवर्धा में आप पार्टी के कारण त्रिकोणीय मुकाबला और पंडरिया में बीएसपी और जोगी कांग्रेस और भीतरघात के कारण कांटे का मुकाबला दिख रही है । वैसे मतदाताओं ने कहा की ईमानदारी से मतदान समय पर करेंगे और अच्छी सरकार बनायेगी द्य नाम ना बताते हुए महिलाओ ने उक्त बातें कही ।

### चोरों ने 3.50 लाख रुपए का माल पार किया

**भिलाई 5 नवंबर।** स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक घर में धावा बोलते हुए नकदी और सोने-चांदी के आभूषण सहित करीब 3.50 लाख रुपए का माल पार कर दिया। चोरी की फुटेज सीसीटीवी में आ गई है सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है स्मृतिनगर पुलिस ने बताया कि चन्द्रनगर, सड़क नंबर 15, क्रास स्ट्रीट-2 कुरुद रोड कोहका भिलाई निवासी प्रार्थी रवि कुमार वर्मा पिता शिवलाल वर्मा ने बताया कि 3 नवंबर की शाम वे अपने परिवार के साथ सुपेला शीतला तालाब के पास स्थित अपने दूसरे आवास में गए हुए थे वहां उनके माता-पिता, चाचा, और भाई निवासरत हैं। 4 नवंबर की सुबह प्रार्थी रवि कुमार वर्मा को पड़ोसियों से चोरी की सूचना मिली। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात 3 चोर दीवाल फांदकर घर के अंदर प्रवेश किये। लोहे की रॉड से दरवाजे का ताला तोड़ अलमारी में रखे करीब 40 हजार रुपए नगद सहित 3.5 लाख रुपए के आभूषण चोरी कर लिए। प्रार्थी ने बताया कि चोरी गए आभूषणों में कान का झुमका, सोने की बाली, सोने की चेन, सोने की लॉकेट, बच्चे का लॉकेट, चांदी का करधन, पाजेब, बच्चे का पालय दो जोड़ी, बच्चे का करधन, चांदी का सिक्का शामिल हैं।

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई 5 नवंबर।** स्मृतिनगर चौकी अंतर्गत एक इंजीनियर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर लैपटॉप सहित अन्य सामान की चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले धारा 380,454 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि अमन पटेल (21 वर्ष) श्री शंकराचार्य तकनीकी कॉलेज जुनवानी में बी.टेक. में कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग में चतुर्थ वर्ष का छात्र है। प्रार्थी अपने दोस्त अजय कुमार साहू निवासी आरंग के साथ मकान नं. बी/ 686, सड़क नं. 22 एसपी. साही के किराये का मकान स्मृतिनगर में रहते हैं तथा दोस्त अजय कुमार साहू का भाई विजय कुमार साहू गांव से उनके रूम आया था। 21 अक्टूबर की रात विजय कुमार साहू के साथ रूम में सोया था तथा अजय कुमार साहू उसी पीजी में अन्य दोस्त के रूम में सोया था। 22 अक्टूबर की सुबह 7.30 बजे प्रार्थी और विजय पानी पीने के लिए उठे और पानी पीकर फिर रूम में सो गये और दरवाजा बंद नहीं किये थे उठे तो मोबाइल, लैपटॉप रूम में नहीं थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भिलाई 5 नवंबर।** चंद्रा मौर्या टाकीज के पास दारू भट्ठी के पीछे ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई भट्ठी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम सिलघट थाना बेरला जिला बेमेतरा निवासी हीरालाल पाल (33) के रूप में की गई है सुबह साढ़े नौ बजे वो ट्रेन से टकरा गया आशंका जताई जा रही है कि दारू भट्ठी से दारू लेकर पीने के बाद वह हादसे का शिकार हुआ है। भट्ठी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चुनावी कार्यालय का शुभारंभ

**भिलाई 5 नवंबर।** शुक्रवार की शाम को वैशालीनगर की निर्दलीय प्रत्याशी संगीता शाह के चुनावी कार्यालय का विधिवत शुभारंभ हुआ। देवी स्वरूप कन्या पिंकी साव के करकमलों से वैशालीनगर कालीबाड़ी स्थित मुख्य चुनावी कार्यालय का आज विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान वैशालीनगर के गणमान्य नागरिक, माताएं, बहने, युवा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित होकर व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प को मजबूती प्रदान किया।

# आतंकवाद ,अलगाववाद ,नक्सलवाद कॉँग्रेस की देन: योगी आदित्यनाथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 5 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी विजय शर्मा के पक्ष में प्रचार करने कवर्धा पहुचें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ . स्थानीय सरदार पटेल मैदान में ऐतिहासिक जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा मेरा सौभाग्य है विधानसभा चुनाव के बहाने काशी विश्वनाथ की धरती उत्तरप्रदेश से छोटी काशी कहा जाने वाला धर्मनगरी कवर्धा आने का मौका मिला छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है उत्तरप्रदेश माने उत्तर प्रदेश का ननिहाल है .उन्होंने कहा छोटी सी गलती से कितना नुकसान कर देती है , भगवा ध्वज के सम्मान करने वाले राम भक्तों को लाठी से पीठा जाता है .लव जिहाद का विरोध करने वाला छोटा सा कार्यकर्ता उसकी हत्या कर दी जाती है . उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है वहां लव जेहाद ,धर्मातरण के खिलाफ कानून बनाया गया है . अब कोई अवैध धर्मातरण यूपी में नही कर सकता और करेगा तो खामियाजा भी भुगतेगा . छोटी से गलती से नुकसान होता है अन्नदाता किसानो का ,युवाओं का बहन बेटिओं का और धार्मिक पर्व का सब का नुकसान हो जाता है .

अटल विहारी जी के सपने के ने अनुरूप पिछले 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा था कांग्रेस ने अपने संस्कारो के अनुरूप छत्तीसगढ़ के विकास को पूरी तरह बाधित कर दिया. कवर्धा हमारे लिए काशी जैसा पवित्र है कांग्रेस ने यहाँ अकबर जैसे व्यक्ति को बैठा दिया .आपकी आस्था से खिलवाड़ करने ऐसे व्यक्ति को बैठाया गया है जिसे आपके आस्था से कोई मतलब नही ,जिसके संरक्षण में हम सबकी आत्मा भगवा ध्वज को पैरो से कुचला जाता है .



उन्होंने साजा की घटना का जिक्र करते हुए कहा यदि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार होती तो क्या कोई ऐसा हिम्मत करता एक गरीब लाचार भुवनेश्वर साहू की हत्या कर देता ,और अपराधी खुला घूमता न्याय नही मिलता. उन्होंने कहा साजा के भुवनेश्वर साहू के पिता जी ने बड़ा हिम्मत का परिचय दिया अन्यो के साथ ऐसा न हो इसलिए स्वयं मैदान में आ गए है . भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाकर एक अच्छे कार्यकर्ता का मान बढाया .

उन्होंने कहा ये केवल चुनाव की लड़ाई नहीं अपने अस्तित्व की लडाई है ,आप सबके अस्तित्व की लड़ाई है . एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में भारत बुलंदियों के नई नई ऊँचाइयों को छुता हुआ आगे बढ़ रहा है .विकास का व्यापक रोड मैप मोदी जी ने बनाया उसे छत्तीसगढ़ में सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है . मोदी जी के विकास के बनाये रोड मैप को सही ढंग से जमीन में उतारना है तो मोदी जी के साथ डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाइये . मोदी जी घोषणा पत्र के माध्यम से जो ग्यारंटी दी है वह 100 प्रतिशत की ग्यारंटी वाला घोषणा है जो पूरा होना ही होना है .18 लाख गरीबो को पक्का आवास मिलेगा .

कांग्रेस देश के लिए समाज के लिए जनता जनार्दन के लिए समस्या है . देश के अंदर आतंकवाद ,अलगाववाद ,नक्सलवाद कॉँग्रेस ने दिया ,तुष्टिकरण की निति कॉँग्रेस की दें है .भ्रस्टाचार कांग्रेस की दें है .आराजकता और कर्फ्यू भी कांग्रेस की ही देन है .भाजपा तो विकास ,सुशासन और सुरक्षा देने वाली पार्टी है .मोदी जी के नेतृत्व वाली नई भारत में यह सब दिखता है .

उन्होंने कहा यहाँ का उत्साह बता रहा है जमीन में जाकर काम करने वाले कार्यकर्ता विजय शर्मा के साथ आपका जुडाव बता रहा है इस चुनाव को आपने अपना चुनाव बना लिया है .अब 07 तारिक से भारी बहुमत से विजय जी को जिताना है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाकर विकास के लिए डबल इंजन लगाना है . उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा आवश्यकता पड़ने पर एक बुलडोजर यहाँ भी भेज दिया जायेगा .

सभा का संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा मोदी जी की ग्यारंटी वाली घोषणा पत्र हर वर्ग को प्रभावित करने वाला घोषणा पत्र है .इसमें प्रत्येक परिवार में विवाहित माताओं ,बहनों को 12 हजार वर्ष में मिलेगा . किसानो का 2017- 18 का रुका बोनस एक मुस्त 25 दिसम्बर को किसानो के खाते में पहुँच जायेगा .ऋण माफ़ी से ज्यादा का रकम भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानो के खाते में डाल देगी . उन्होंने कहा कवर्धा का चुनाव हमारे स्वाभिमान पर कुठाराघात करने वाले को सबक सिखाने वाला चुनाव है . आप सब बूथ पर डटे रहे एक भी बाहरी व्यक्ति बहलाने फुसलाने और भ्रमित करने गाँव में न घुस पाए . ये चुनाव विजय शर्मा नही आप लड़ रहे है .कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे पूर्व विधायक सियाराम साहू ,महामंत्री संतोष पटेल.उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, जसविंदर बग्गा ,आनद सिंग सहित सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# विधायक देवेंद्र यादव को मतदाताओं का भारी समर्थन, सभी ने दिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 5 नवंबर।** भिलाई नगर विधायक, जनता के दिलों में राज करने वाले युवा नेता और कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव आज सेक्टर, 8 सेक्टर 1, सेक्टर 9, सेक्टर 7 और वार्ड 49 में ने विश्वास यात्रा निकाले। जहां उनकी यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। उनके मिलने के लिए हजारों की संख्या में बड़े बुजुर्ग, माताएं-बहनें और हजारों की संख्या में युवा व बच्चे भी शामिल हुए। कई जगह पर विधायक का लोगों ने स्वागत किया। पुष्प अर्पित किए और विजय तिलक लगाकर आरती उतार कर माताओं और बहनों ने विधायक श्री यादव को जीत का आशीर्वाद ?दिया। सुबह जब सेक्टर 8 में यात्रा निकाली ?गई तो पूरा सेक्टर 8 विधायक श्री यादव के साथ पूरे विश्वास के साथ खड़ा रहा।

इस ?अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता की प्रेम और विश्वास ही हमारी असली पूंजी है। भाजपाई जो अबतक हमारे प्रदेश के मुखिया माननीय भूपेश बघेल जी के योजनाओं की बूराई कर रहे थे और अब तक चुनाव आया तो हमारे नेता की योजनाओं को ही कॉपी पेस्ट करके अपने संकल्प पत्र में शामिल कर लिए है। ठीक है, जिसे जो काम आता है। वह वही करेगा। योजनाओं को कॉपी पेस्ट तो भाजपा कर ली है लेकिन जनता ?के प्रति सच्ची श्रद्धा, प्रदेश के विकास के लिए निष्ठा और कर्मठता, वो इच्छा शक्ति कहा से लाएंगे। जनता को लूभाने संकलप पत्र तो जारी कर लिए पर जनता के जिलो में भरोसा नहीं ला पाएंगे। क्योकि जो किसान, युवा,



माताएं बहनों ने 15 साल भाजपा को अपना अमूल्य वोट दिया। उस भाजपा ने 15 साल में ना ही कर्ज माफी की, ना ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हे रोजगार देने कोई प्रयास नहीं किया। शिक्षित युवा बेरोजगारों के लिए कोई पहल नहीं की और अब जब कांग्रेस सरकार प्रदेश हित में किसान, युवा, महिलाओं के हित में काम कर रही है। तो भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। पर चिंता की बात नहीं है। जनता को भूपेश पर पूरा भरोसा है और जनता के आशीर्वाद से फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। और हम ?इस बार केजी से लेकी पीजी तक एजुकेशन पूरी तरह से फ्री कर देंगे। मतलब अब गरीब का बच्चा भी डॉक्टर और इजीनियरिंग बन सकेंगा।

# रमन के मुख्यमंत्रित्वकाल की अनियमितता उजागर कर प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष रखी जांच की मांग

**भिलाई 5 नवंबर।** भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान के अध्यक्ष, आचार्य्र नरेंद्र देव स्मृति जनअधिकार अभियान समिति के संयोजक और समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के राष्ट्रीय महासचिव आर पी शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार एवं सत्ता के दुरूपयोग के मामलों की जांच की मांग की है।

प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में आर पी शर्मा ने कहा कि आपने देश का सत्ता संभालते ही जीरो टॉलरेंस की बात कही. देश को ऐसा लगा की प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनायेगें। भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी ने भी कहा कि देश भ्रष्टाचार शोषण के खिलाफ व्यवस्था सदृढ नहीं हुई तो शोषण एवं भ्रष्ट प्रणाली का उदय हो जायेगा। आरपी शर्मा ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते उनके वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के कई काले कारनामे उजागर हुए थे। जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था। जिसमें वन भूमि पर रिसार्ट बनाने, छपोराडीह में 60 एकड़ में फैले स्टापडेम में कब्जा कर अवैध रूप से अपने फार्म हाउस तक पानी पहुंचाने सहित तमाम प्रकरणों का साक्ष्य सहित जानकारी देते हुए पत्र लिखा था। भाजपा के ही पूर्व सांसद पीआर खूंटे ने बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत और डा. रमन सिंह पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। इसी तरह पनामा पेपर में डॉ. रमन के पुत्र अभिषेक सिंह का नाम भी आ चुका है। डॉ. रमन के कार्यकाल में रायल्टी घोटाला भी हो चुका है। साल 2015 में कारोबारियों ने 20 हजार 841 करोड़ रुपए का खनिज निकाला और इसके बदले में सरकार ने महज 3300 करोड़ की ही रॉयल्टी अर्जित की। डॉ. रमन के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में न नए उद्योग आए और ना ही मौजूदा उद्योगों को प्रोत्साहन मिला। इसके चलते राज्य की जीडीपी 12 प्रतिशत से घटकर 6 प्रतिशत से भी कम रह गई। इसी तरह बायोमास से बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए स्थापित 16 पावर प्लांटो में गोलमाल हुआ। भूसे से बिजली तो बनी नहीं लेकिन 3000 करोड़ की चपत लग गई। डॉ. रमन के कार्यकाल में रायगढ़ में पांच उद्योगों ने करीब 651 हेक्टेयर जमीन दबा ली। डॉ. रमन के कार्यकाल में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 64 अफसरों के घरों ओर दफ्तरों में छापे मारे।

### यातायात थाने के पीछे युवक पर जानलेवा हमला, जुर्म दर्ज

**भिलाई 5 नवंबर।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र में यातायात थाने के पीछे एक युवक पर जानलेवा हमला करने की घटना हुई है आरोपित ने पीड़ित के पेट में शराब की बोतल घोंपकर उसकी हत्या करने की कोशिश की घटना की शिकायत पर पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है पुलिस ने बताया कि भिलाई-तीन निवासी आरोपित भूपेंद्र कुमार ने शांति पारा भिलाई- तीन निवासी मोहम्मद अशफाक उर्फ बल्लू पर शराब की बोतल से जानलेवा हमला किया। शुक्रवार की सुबह करीब सवा दस बजे ट्रैफिक थाना भिलाई-तीन के पीछे आरोपित, पीड़ित से मारपीट कर रहा था इसी दौरान शिकायतकर्ता संदीप पाटिल निवासी संतोषी माता मंदिर के पास गांधी नगर भिलाई-तीन ने आरोपित को मारपीट करते देखा आरोपित बोतल से उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर मार रहा था। शिकायतकर्ता ने उसे देखा तो उसने बीच बचाव करने की कोशिश की शिकायतकर्ता को देखते ही आरोपित ने पीड़ित के पेट में बोतल घोंप दिया और वहां से भाग गया शिकायतकर्ता ने पीड़ित को संभाला और उसने डायल 112 पर फोनकर घटना की जानकारी दी उसने पीड़ित को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है भिलाई तीन पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है।

# रिसाली निगम ने बीएसपी ब्लॉक के घर-आंगन के सामने बच्चों के खेलकूद के मैदानों की कर दी दुर्दशा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग 5 नवंबर।** ग्रामीण विधानसभा के रिसाली निगम के कार्यों की स्थिति अंधों में काना राजा कहावत को चरितार्थ करती प्रतीत हो रही है ? जहां निगम प्रशासन प्यादे की तरह कार्य कर आमजन के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। यह माजरा है निगम क्षेत्र के अंतर्गत बीएसपी के ब्लॉक का जहां निगम प्रशासन सीमेंटीकरण कराया है किंतु ना उन्होंने पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की ना लेबल का ध्यान रखा है ।बहुतायत ब्लॉक के घर नीचे हो चुके है निगम ने सीमेंटीकरण ऊंचा करवा दिया है जिससे ब्लॉक में जहां पानी भरने की परेशानी बढ़ेगी वहीं अन्य दिनों में पानी निकासी की व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं है क्योंकि नालियां टूटी फूटी है तथा अनेक स्थानों पर जाम की स्थिति है जिसे क्लियर करने में निगम प्रधासन की रुचि नही है। कहा जा सकता है की जहां जरूरत नहीं वहां जरूरत से ज्यादा काम होने लगे है तो समझ जाइए विनाश शुरू हो रहा है । निगम क्षेत्र में इन दोनों विनाश का कहर जारी है तथा कथित सीमेंटीकरण को विकास का पैमाना बताया जा रहा है वह विकास लोगों के लिए विनाश साबित हो रहा है। नेता जी की विकास की ऐसी सोच जिसने बच्चो से उनका मैदान छीन लिया परिवारों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। दरअसल में यह मामला रिसाली सेक्टर क्षेत्र में बीएसपी क्वार्टर्स के ब्लॉक में हो रहे सीमेंटीकरण का है जिससे लोग परेशान है इनसे होने वाले नुकसान से लोग पहले ही वाकिफ हैं लेकिन अभी हाल फिलहाल सीमेंटीकरण को क्वार्टर के लेवल से ऊंचा कर दिया गया है जिसके कारण पानी निकासी होने में समस्या हो रही है। क्वार्टर क्षेत्र में जल्दी पानी भर जाने की समस्या रहती है नालियों की मरम्मत के बजाय ब्लॉक में सिमेंटीकरण किया जा रहा है। सड़क पुल पुलिया का विकास होना चाहिए लेकिन सीमेंटीकरण को विकास बताया जा रहा है। क्षेत्र में वाटर लेवल डाउन करने के उद्देश्य से शायद रिसाली नगर निगम यह काम कर रहा है।और तो और ब्लॉक में सिमेंटीकरण होने से घर आंगन के सामने खेलने कूदने वाले छोटे छोटे बच्चों के चोटिल होने की शंका को भी नकारा नहीं जा सकता साथ ही खुली भूमि ना छोड़ पर्यावरण की भी हत्या करने से निगम प्रशासन बाज नही आ रहा है और यह सभी कार्य विकास के लिए नही सिर्फ कमीशन खोरी के चक्कर में हो रहा ऐसा प्रतित होता है । अब वहां रहने वाले बीएसपी कर्मी एवं पुलिस कर्मी दूसरे क्वार्टर की तलाश में लगे हैं क्वार्टर लेवल को ऊंचा करने के लिए लाख रुपए से कम का खर्चा नहीं होना है।यह राशि परिवार जनों को कौन देगा क्योंकि निगम ने तो परेशानी पैदा कर पल्ला झाड़ लिया है। फायदे का काम लेकिन कायदे का नहीं सिमेंटीकरण विकास के नाम पर पैसा कमाने का बेहतर जरिया है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए रिसाली निगम विकास के लिए प्रतिबद्ध है जिसके चलते भिलाई इस्पात संयंत्र के ढांचे को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही है भिलाई इस्पात संयंत्र के पास इतना पैसा होने के बावजूद सौंदर्यीकरण के नाम पर पेवर ब्लॉक से ज्यादा नहीं करती जहां पेवर ब्लॉक होना चाहिए वहां रिसाली नगर निगम सीमेंटीकरण कर रहा है और जहां पेवर ब्लॉक नहीं होना चाहिए वहां पेवर ब्लॉक लग रहा है। जनता को सुविधा देने के नाम पर सीमेंटीकरण कर सेक्टर क्षेत्र के निवासियों के साथ अन्याय किया जा रहा है, भीषण गर्मी में सेक्टर क्षेत्र के लोगों के लिए निगम ने पूरी तैयारी कर रखी है। जिसका परिणाम आगामी चुनाव में 17 नवंबर को मिलने वाला है। हालांकि रिजल्ट जो है 3 दिसंबर को निकलेगा लेकिन 17 नवंबर को भी रुझान पता चल जाएगा। आखिर सीमेंटीकरण से जनता को सुविधा तो नहीं मिली बल्कि मोटा माल जरूर किसी ने बना लिया है और यह माल कहां गया यह भी बड़ा सवाल है। कुछ पार्षद नाम नहीं छापने की शर्त पर बताते हैं हमें बिना पूछे काम किया जा रहा है ना हमारी अनुमति ली जा रही है ना हमारा काम हो रहा है हम जो कह रहे हैं उसके छोड़ बाकी सब हो रहा है। जिसके चलते पार्षदों को भी आम जनता से खरी खोटी सुनना पड़ रहा है वोट नहीं देने की चेतावनी भी मतदाता दे रहे है।

## समाचार संक्षेप

### जीत का दावा लेकिन भितरघात की आशंका कवर्धा और पंडरिया में

**कवर्धा 5 नवंबर।** पंडरिया की वर्तमान विधायक ममता चंद्राकर ने अरबों के विकास किया लेकिन आखिर क्यों नही दिख रही है जिसकी चर्चा जनमानस में है । सीएम के आगमन से पूर्व विधायक ममता ने कहा की मैं दौरा भी कर रही है और बिल्हा की जिम्मेदारी मुझे मिली है और बिल्हा में जो फीड बेक रिपोर्ट आ रही है बिल्हा हम जीत रहे है और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी । भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकृष्ण साहू ने कहा की कवर्धा और पंडरिया में भाजपा शतप्रतिशत जीतेगी । पूर्व विधायक सियाराम साहू , जिला महामंत्री संतोष पटेल , भाजपा नेता सुनील जैन ने कहा की भाजपा दोनो जगह पुरानी जीत का रिकार्ड तोड़कर बीजेपी परचम लहराएगी । लेकिन मुद्दे की बात करे तो विकास , भ्रष्टाचार , पीएम आवास , शराब बंदी , कर्जमाफी , महिलाओ के खाते में पैसे आना और खासकर प्रत्याशी की छवि प्रमुखता से मुद्दा बन रही है । कवर्धा शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रानू दुबे ने दावा किया की छत्तीसगढ़ सहित कवर्धा में कांग्रेस की सरकार बन रही है । भीतर घात का खतरा और आप पार्टी और जोगी पार्टी के कारण मुकाबला बहुकोणीय हो गया है । सबके कयास अलग अलग लेकिन नए महिला मतदाता में ईमानदारी से वोट , महिला सुरक्षा , रोजगार , विकास की चर्चा हो रही है । जिला निर्वाचन आयोग की टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है जिसकी तारीफ हो रही है पुलिस प्रशासन भी चेक पोस्ट पर चेक कर रही है और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मुस्तैद है । सुबह से ही भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा वार्डो में जनसंपर्क करते हुए दिखे और महिलाओ और बुजर्गो का आशीर्वाद लिए । छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस प्रत्याशी रवि और आप पार्टी के राजा खड़ग राज सिंह और निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली का भी जनसंपर्क जारी है ।



### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई 5 नवंबर।** टिटलागढ़ ओडिशा से गांजा लेकर पुरी सूरत एक्सप्रेस से नागपुर जा रहे एक तस्कर को आरपीएफ की टीम ने पकड़कर जीआरपी के हवाले किया है। आरोपित को भिलाई-तीन रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। उसके पास से 16 किलो गांजा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख 20 हजार रुपये है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की के तहत कार्रवाई की गई है धारा जीआरपी भिलाई तीन टीआई रामकुमार बोरझा ने बताया कि आरपीएफ की टीम पुरी सूरत एक्सप्रेस में सर्चिंग आपरेशन चलाया था। आरोपित प्रथम राजू तोमस्कर (23) निवासी क्वार्टर नंबर 90 शीतला माता मंदिर के पास बारा सिंगल बोरकर नगर अंजनी थाना हिमामबाड़ा जिला नागपुर महाराष्ट्र को गांजे के साथ पकड़ा आरोपित अपने ट्राली बैग में गांजा छिपाकर नागपुर जा रहा था पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वो ओडिशा के टिटलागढ़ से गांजा खरीदकर उसे नागपुर ले जा रहा था। वहां गांजा ले जाने के बाद वो उसे नागपुर के लोकल कोचिया को बेचने वाला था। जीआरपी भिलाई ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया, जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया है आरपीएफ की टीम ने सर्च आपरेशन के दौरान 16 किलो गांजा के साथ आरोपित को पकड़ा जीआरपी भिलाई ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई कर उसे भेजा जेल।

### बौद्ध भिक्षु बुद्धरत्न ने की देहदान की घोषणा



**भिलाई 5 नवंबर।** महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के माध्मय से बौद्ध भिक्षु बुद्धरत्न जी ने देहदान किये जाने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। महामानव संस्था के अध्यक्ष आशीश चौहान व प्रभारी डॉ. संजय बालवान्द्रे, शैलेन्द्र भगत, प्रवीण वासनिक, पुलकित चौहान, अविनाश गावंडे, नुपुर गणवीर, सुषमा जांगडे के काउंसलिंग के माध्यम से डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में महामानव संस्था के समस्त पदाधिकारियों को एम्स रायपुर में देहदान करने की वसीयत सौंपी। संस्था के अध्यक्ष आशीश चौहान ने बताया कि भंते बुद्धरत्न जी से प्रेरित होकर संध्या खोब्रागडे व योगराज साखरे ने भी देहदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर महामानव संस्था की ओर से भंते बुद्धरत्न जी को डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में भिलाई की अध्यक्षा सविता मेश्राम व महासचिव रामाराव ढोक, प्रितेश पाटिल, मीना मारनवर, रंजना बालबांद्रे, कमल मेश्राम, नंदा चौहान द्वारा सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### भाजपा का घोषणा पत्र जनता को गुमराह करने वाला:सीमा यादव



**छुरिया 5 नवंबर।** छत्तीसगढ़ मे विधानसभा चुनाव मे मुख्यमंत्री व कांग्रेस किसान हितैषी है जो कहती वह करती है,मन साफ था इसलिए कांग्रेस सबसे पहले घोषणा पत्र जारी किया किसानों का कर्जा माफ 200 यूनिट बिजली बील माफ केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त जैसे जनहित घोषणा भाजपा को सक्ते मे डाल दिया उक्त बाते महिला कांग्रेस नेत्री सीमा यादव ने कहा आगे कहा भाजपा पूरे तरीकें से कांग्रेस का घोषणा पत्र का नकल किया है, जनता से पूर्व विधानसभा मे भी दो करोड़ लोगो को रोजगार, प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख जैसे बड़े बड़े वादे किए थे वह निभाया नही कांग्रेस नेत्री सीमा यादव ने कहा किसान का पुत्र मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जो कहते हैं वह करते हैं इसलिए आम जनता से कांग्रेस के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

### भाजपा के संकल्प पत्र में अनियमित कर्मचारियों के हितों को स्थान स्वागतेय : हारुन मानिकपुरी



**छूरिया 5 नवंबर।** छुरिया राजनादगांव छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 के लिए जारी संकल्प पत्र में अनियमित कर्मचारियों के हितों को पृष्ठ क्रमांक 28 के कंडिका क्रमांक 02 में शामिल करने के मोदी की गारंटी पर खुशी जाहिर की है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी दशकों से नियमितीकरण की मांग करते हुए आ रही है, पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा नियमितीकरण करने की घोषणा पत्र में वादा किया गया था। लेकिन पिछले पांच सालों में नियमितीकरण करने के घोषणा पत्र में अमल नहीं किये जाने से प्रदेश भर के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी आंदोलित रहे और अपने मांगों को घोषणा पत्र में शामिल करवाने भाजपा को ज्ञापन देकर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के घोषणा पत्र जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, आज तीन नवंबर को भारत सरकार के सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र में अनियमित कर्मचारियों के हितों को स्थान दिया गया है जिसमें सरकार बनने पर शुरुआती 100 दिनों में कमेटी बनाने की जिसमें अनियमित कर्मचारियों के सदस्यों को कमेटी के सदस्य में शामिल करने की बात कही गई है। जिससे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संगठनों ने खुशी जताई है।

### मतदान समाप्ति के 48 घण्टे से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित

**राजनांदगांव 5 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 के दृष्टिगत मतदान समाप्ति के 48 घण्टे से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार जिले में 7 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के अवसर पर 5 नवम्बर 2023 शाम 5 बजे से 7 नवम्बर 2023 शाम 5 बजे तक जिले में स्थित सभी देशी, विदेशी व कम्पोजिट की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट-बार, होटल क्लब, भांग व भांग घोटा दुकान तथा भण्डारण-भाण्डागार को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिले की सीमा से लगे राज्य एवं अंतर्राज्यीय जिले के कलेक्टर्स को राजनांदगांव जिले की सीमा से 5 किलोमीटर की परिधि में आने वाले सभी आबकारी लायसेंस को मतदान दिवस के 48 घण्टे पूर्व शुष्क अवधि घोषित करने पत्र प्रेषित किया गया है।इसी तरह कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत राजनांदगांव जिले की सीमा से लगे जिला दुर्ग एवं बालोद में मतदान तिथि 17 नवम्बर 2023 के दृष्टिगत मतदान समाप्ति के 48 घण्टे से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार जिले में 17 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के अवसर पर 15 नवम्बर 2023 शाम 5 बजे से 17 नवम्बर 2023 शाम 5 बजे तक दुर्ग एवं बालोद जिले से 5 किलोमीटर की परिधि में आने वाले सभी देशी, विदेशी व कम्पोजिट की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट-बार, होटल क्लब, भांग व भांग घोटा दुकान तथा भण्डारण-भाण्डागार को बंद रखने के निर्देश दिए गए है।

# प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ने स्कूल में नशामुक्ति के लिए विद्यार्थियों को मोटिवेट किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**नगरी 5 नवंबर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नगरी में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत् आदरणीय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी जिला इंचार्ज ब्रह्माकुमारीज धमतरी के द्वारा बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच दिया गया। उक्त अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी तथा एस.के. प्रजापति प्राचार्य, डॉ. दुर्गा यादव जी धमतरी स्वामी आत्मानंद स्कूल के समस्त स्टाफ एवं संस्था के भाई बहन सहित लगभग 90-100 बच्चे मौजूद रहे। सर्वप्रथम बच्चों ने दीदी जी का पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया तथा मयंक भाई ने गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी ने बच्चों को अभिप्रेरित करते हुए कहा आप सभी बच्चों के लिए यह समय बहुत मूल्यवान है आज का समय आपको भविष्य में महान कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा इसके लिए यह आवश्यक है कि आप बुरी संगति व व्यसनों तथा धूम्रपान से कोसों दूर रहें यह जीवन आपको महान कार्यों के लिए मिला है ना की व्यसनों में गंवाने के लिए। सभी सुबह उठते ही मन में श्रेष्ठ संकल्प रखें कि मैं श्रेष्ठ, गुणवान, व चरित्रवान आत्मा हूं सभी अपने जीवन में पवित्रता, शांति, प्रेम, शक्ति, आनंद, खुशी व ज्ञान यह सात गुण अवश्य धारण करें। यह सातों गुण जन्मजात गुण है जो हमें परमात्मा से विरासत में मिले हैं इन्हें अपने जीवन में धारण करते ही हमें दिव्य अनुभूति की प्राप्ति होती है जब भी आप किसी अभिनेता को धूम्रपान का विज्ञापन करते देखते हो आप उनका अनुसरण करने लग पड़ते हो जबकि वास्तविकता कुछ और होती है वह अपने रियल लाइफ में कभी भी धूम्रपान नहीं करता और नहीं अपने परिवारजनों को करने देता है अतः आप सभी भी अपने रियल लाइफ में कभी भी नशा व धूम्रपान की एंट्री ना होने दें। अपने विचारों को श्रेष्ठ व सकारात्मक रखें।विद्यार्थी में सफलता का एकमात्र विकल्प मेडिटेशन है मेडिटेशन के द्वारा हम परमपिता परमात्मा से जुड़ते हैं जो कि ऊर्जा और गुणों का परमस्रोत है जिससे हमे एकाग्रता, शांति, प्रेम, सत्यता और आनंद की प्राप्ति होती है । दीदी जी ने पुनः बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए नशा मुक्त रहने की अपील की। तत्पश्चात डॉ. दुर्गा बहन ने धूम्रपान व नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को सभी से साझा किया कि कैसे धूम्रपान नशा लोगों की मानसिकता को कितना नकारात्मक बना सकता है । तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी भावना बहन द्वारा बच्चों सहित सभी को नशा मुक्ति हेतु नारे लगवाए और शपथ दिलवाई। अंत में संस्था के प्राचार्य श्री एस. के. प्रजापति जी ने इस मोटिवेशनल स्पीच के लिए दीदी जी का आभार जताया तथा भविष्य में बच्चों के मोटिवेशन हेतु पुनः आगमन की आशा व्यक्त की।

# भूपेश बघेल के खोखले वादे गिना गए रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजनांदगांव 5 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मतदान को महज़ दो दिन शेष रह गए हैं. कांग्रेस भाजपा दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी जहां अपने प्रचार प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है. वहीं आरोप प्रत्यारोप का दौर अब तक नहीं थम पाया है. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने आज अपने निर्वाचन मुख्यालय में पत्रकार वार्ता लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव जिले को लेकर किए गए खोखले वादों को गिनाकर मतदाताओं को जागरूक करने की कोशिश की है. राजनांदगांव विधानसभा के मतदाताओं को उन्होंने पिछले 5 साल में मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भूपेश बघेल के खोखले वादों को एक सिरे से सामने रखा है और आरोप लगाया है कि भूपेश भरोसे के लायक नहीं है. उन्होंने राजनांदगांव जिले को संभाग बनाने की घोषणा पर भी साफ तौर पर कहा है कि मतदाता इस बात पर भरोसा मत करें क्योंकि भूपेश बघेल ने सिर्फ मतदाताओं को ठगा है.पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने आज अपने निर्वाचन मुख्यालय राजनांदगांव से आरोप पत्र जाति करते हुए छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा है कि सरकार में रहते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव की जनता के साथ केवल छल किया है. उन्होंने 21 बिंदुओं पर एक आरोप पत्र जारी करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस को इस विधानसभा चुनाव में आक्रामक तरीके से घेरने की कोशिश की है.

राजनांदगांव में ही कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी ने बीएनसी मिल को पुनः प्रारंभ करने का वायदा किया था, दोबारा राजनांदगांव आगमन पर भी राहुल गांधी के मुँह से इस बारे में एक शब्द नहीं निकला। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस झूठ को आगे बढ़ाते हुए कहा कि बीएनसी मिल के स्थान पर जूट मिल खोला जायेगा यह भी झूठ साबित हुआ।

डॉ. रमन सिंह द्वारा 370 करोड़ रुपए की लागत से बनाए मेडिकल कॉलेज में भारी अव्यवस्था फैली हुई है. इसमें सुविधाओं का आकाल पड़ा हुआ है जैसे मात्र 2 करोड़ रुपए की सीटी स्कैन मशीन भी नहीं लगा पाए, सीनियर जूनियर और विशेषज्ञ डॉक्टर्स की कमी, दवाइयों की अनुपलब्धता से जरूरतमंद मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिला अस्पताल भी कांग्रेस

21 करोड़ रुपए की लागत से डॉ. रमन सिंह द्वारा निर्मित अंतरर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में मात्र 1 करोड़ रुपए की फ्लड लाईट लगाने का भूपेश बघेल ने वादा किया था।

### कलेक्टर नें फ्लैग मार्च निकाल कर शत-प्रतिशत और शांतिपूर्ण मतदान की अपील की





**राजनांदगांव 5 नवंबर।** विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने एवं आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने व शत-प्रशित मतदान कराने के लिये कलेक्टर राजनांदगंाव श्री डोमन सिंह और पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें अतिरक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, सी.एस.पी. श्री अमित सिंह, यातायात प्रभारी श्री हेमप्रकाश नायक, एवं शहर के थाना प्रभारीगण समेत बड़ी संख्या में जिला बल पुलिस व केन्द्रीय अद्धसैनिक बल के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा लोगों से अपील भी किया जा रहा है कि मतदान के समय किसी प्रकार की अशांति फैलाने या असंवैधानिकृत्य करने का प्रयास न करें, यदि कोई अप्रिय स्थित घटित होने की संभावना हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें संबंधित आरोपियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यावाही की जाएगी। मतदान दिवस के दिन अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करने हेतु अपील की गई।

### पैरामिलिट्री फोर्सकी 44 कंपनियों के अधिकारियों को पीटीएस में दिया गया प्रशिक्षण



**राजनांदगांव 5 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनिया उके, डीएसपी ऑप्स श्री अजीत ओगरे एवं मास्टर ट्रेनर श्री दीपक ठाकुर द्वारा विशेष रूप से मतदान निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। दिनांक 04.11.2023 को पी.टी.एस. राजनांदगांव के प्रशिक्षण हॉल में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनिया उके एवं डीएसपी ऑप्स अजीत ओगरे व कलेक्ट्रेड राजनांदगांव से आये मास्टर ट्रेनर श्री दीपक ठाकुर द्वारा जिला राजनांदगांव में विधानसभा ड्यूटी में आये पैरामिलिट्री फोर्स के 44 कंपनियों के अधिकारियों को जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। सभी पैरामिलिट्री तथा दिगर राज्य से आये हुये बल को चुनाव के दौरान विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मूवमेंट के दौरान सावधानी बरतने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान का लक्ष्य रखा गया है। चुनाव के पूर्व, मतदान के दौरान व मतदान के बाद बैलेट बोक्स को स्ट्रांगरूम तक लाने में पुलिस की बड़ी भूमिका होती है। कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो ऐसा वातावरण पुलिस को बनाए रखना होता है। सुरक्षित चुनाव के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों सहित बाहर से आये पैरामिलिट्री फोर्स के 44 कंपनियों एवं सीमावर्ती राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ परस्पर समन्वय स्थापित कर योजना बनाई गई है। जिसका प्रशिक्षण पी.टी.एस. राजनांदगांव में दिया गया। उक्त 01 दिवसीय प्रशिक्षण में 44 कंपनियों के कमाण्डेन्ट, सहायक कमाण्डेन्ट, एढाक कमाण्डेन्ट, डिप्टी कमाण्डेन्ट सहित एवं अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

# मतदान की तिथि नजदीक आते ही राजनांदगांव पुलिस ने बढ़ा दी सतर्कता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 5 नवंबर।** विधान सभा निर्वाचन 2023 के चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में भारी सतर्कता बरता जा रहा है मतदान की तिथि नजदीक आते ही चुनाव प्रचार में आ रहे व्ही.आई.पी./स्टार प्रचारकों का शहर एवं ग्रामों में आना जाना बढ़ गया है जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके सुरक्षा का कमान अपने हाथों में ले लिया गया है और सत्त मोनिटरिंग की जाकर राजनांदगांव पुलिस और अर्धसैनिक बलों को मुस्तैदी के साथ तैनात कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु जिला पुलिस बल एवं केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल के संयुक्त टीम क्षेत्र में कॉबिंग गश्त, एरिया डॉमिनेशन, रोड पेट्रोलिंग एवं स्थैतिक चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही है। जिससे चुनाव के दौरान आसामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी फैलाने हेतु हथियार, अवैध रूपये, अवैध शराब व नशीले पदार्थ आदि विधानसभा क्षेत्र में ना ला सके साथ ही चेकिग दल को निर्देश दिया गया हैं कि चेकिग के दौरान वाहन चालकों या उसमें बैठे यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करें। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चुनाव सेल में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा चुनाव ड्यूटी में सुरक्षा बलों का वितरण, उनके ठहरने व आवागमन की व्यवस्था, बाहर से प्राप्त बल को भौगोलिक स्थिति, राजनीतिक व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी साझा कर शासन व पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभा रही है। किसी भी अप्रिय स्थिति निर्मित होने की संभावना पर तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम या संबंधित थाना को सूचित करें जिससे उक्त चुनाव निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से सम्पन्न किया जा सके।

### डोंगरगांव विधानसभा की जनता किस चिन्ह पर मुहर लगाएगी ?

**डोंगरगांव 5 नवंबर।** राजनांदगांव जिले की सभी विधानसभा सीटो में रुझान जनता का समझ आ रहा है लेकिन एक ऐसा विधानसभा है जहां कुछ कहा नहीं जा सकता वो सीट है डोंगरगांव विधानसभा।

डोंगरगांव विधानसभा सीट पर इस बार सीधी लड़ाई कांग्रेस और भाजपा में होगी। डोंगरगांव विधानसभा सीट इस बार नया इतिहास बनाने की ओर है विधानसभा सीट को जहां पिछले 10 सालो से कांग्रेसी विधायक चला रहे है, वही बीजेपी इस बार इस किले को तोड़ने की पूरी कोशिश में लगी हुई है

कांग्रेस से दलेस्वर साहू और बीजेपी से भरत वर्मा आमने सामने है।अब दोनो पार्टियां अपनी अपनी चुनावी घोषणाएं कर चुकी है अब देखना यह है कि डोंगरगांव विधानसभा सीट में किए गए घोषणाओं के आगे मतदाता किस पर अपना दांव लगाता है और किन्हें वह यह राजयोग दिलवाता है यह आने वाला 7 नवंबर तय करेगी। इस तरह से लगातार दोनों पार्टियों की प्रत्याशी अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार दौरे कर जन आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं

डोंगरगांव विधानसभा के नए प्रत्याशी भरत लाल वर्मा की बात करें तो उनका चुनावी मैनेजमेंट लोगों को समझ नहीं आ रहा उनकी पकड़ अच्छी होने के बावजूद उनके सिपहसालार उनको सही गाईड नही कर पा रहे है नए प्रत्याशी होने के कारण उनको कई जगह असहजता का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आम ग्रामीण मतदाता उनकी पिछली उपलब्धियां जानते ही नही। डोंगरगांव चुनाव की चुनावी कमान राजनादगांव से संचालित होने के कारण साथ ही कई बीजेपी के बड़े,छोटे नेताओं को जिन्होंने पिछली डोंगरगांव विधानसभा और लोकसभा में पार्टी के लिए जी तोड़ कार्य किया,प्रत्याशी भरत वर्मा के चुनाव प्रचार देखने वालो के आगे उनकी भी सलाह परामर्श नही चल रही। पुराने आम कार्यकर्ताओ को साइड कर दिया गया है और न ही उनकी पूछ परख हो रही है। जनमानस में ये बात आम हो गई है की जीतने के बाद भरत वर्मा कही बीजेपी के पूर्व विधायक खेदू राम साहू की तरह न हो जाए जिनका कार्यकाल डोंगरगांव की जनता अच्छे से जानती है?

### नियोजित व्यक्ति एवं श्रमिकों के लिए मतदान तिथि को अवकाश घोषित

**राजनांदगांव 5 नवम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में स्थित कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम एवं किसी अन्य स्थापना में निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 एवं शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान तिथि के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित करने तथा ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, वहां काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्काउट-गाईड, रोवर रेंजर मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता का करेंगे सहयोग






**राजनांदगांव 5 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी ने बताया कि मतदान दिवस 7 नवम्बर 2023 को मतदाता मित्र स्काउट-गाईड के तहत मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता के सहयोग के लिए स्काउट-गाईड रोवर रेंजर का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने स्काउट-गाईड रोवर रेंजर को मतदान केन्द्रों पर किए जाने वाले कार्यों एवं सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं से मतदान करने और स्काउट-गाईड रोवर रेंजर व स्कूली बच्चों अपने अभिभावकों, पड़ोसियों एवं अन्य प्रियजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव से स्वीप मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर तहसीलदार राजनांदगांव श्री मनीष वर्मा, श्रीमती उषा चटर्जी, श्री वाय डी साहू, श्री मयूख श्रीवास्तव, श्री रमेश दास साहू, श्री बलवीर सिंह सहित शालाओं के स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षक एवं स्काउट-गाईड उपस्थित थे।

### 7 नवम्बर को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर अपरान्ह 6.30 बजे तक एग्जिट पोल कराने व प्रकाशन पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव 5 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार व किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल व किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार ही भाजपा की पहचानः गिरीश देवांगन



**राजनांदगांव 5 नवंबर।** विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के वार्ड नं. 15 राममंदिर मिलचाल से शुरू होकर वार्ड भ्रमण करते हुए वार्ड 14 टांकापारा, पुरानी सिविल लाइन में जनसंपर्क करते हुए जनता से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए भरोसे की कांग्रेस सरकार को फिर से लाने एवं राजनांदगांव में जीत के लिए जनसंपर्क कर रहे हैं अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने छग सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार जितनी भी योजनाएं बनाई हैं उनका सीधा लाभ आम जनता को मिला है यहां तक की योजनाओं का की राशि सीधे उनके बैंक खातों के माध्यम से जनता तक पहुंचा है भाजपा के कार्यकाल में स्कूली बच्चों के गणवेश घोटाला, नवमी दसवीं के बच्चों को 22 इंच की साइकिल देने के बजाय उपयोगहीन 24 इंच की साइकिल कमीशन के चलते दिए महिलाओं को निम्न स्तर को सिलाई मशीन का वितरण भाजपा के कार्यकाल में हुआ और तो और भ्रष्टाचार की इंतिहा तब हो गई जब जिन ग्रामों में मोबाइल के टावर भी नहीं थे वहां भी मोबाइल बांटकर शासकीय कोष पर सीधे-सीधे डाका डालने का काम किया। भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार आम जनता के हितों पर ध्यान देते हुए श्रमिक कार्ड के माध्यम से हितग्राहियों को उनके खाते में राशि का हस्तांतरित कर अपनी सुविधा अनुसार उन्हें उपयोग की सामग्री क्रय करने की स्वतंत्रता दी है पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार की दूरदृष्टि पक्का इरादा से छग समृद्ध हुआ है वहीं भाजपा की अदूरदर्शी नीति घोषणा पत्र के माध्यम से फिर से उजागर हुआ है जिस प्रकार से भाजपा के घोषणा पत्र में ना तो युवाओं के बेरोजगारी भत्ता की बात है और ना ही बिजली बिल और महंगाई की मार से राहत देने की कोई योजना है जो भाजपा 20 क्विंटल धान खरीदी का विरोध करती रही वही भाजपा अब 21 क्विंटल धान खरीदने की बात कह कर आम जनता को गुमराह करने का काम कर रही है इसी प्रकार 3100 में धान खरीदने का भी जुमले की बात कह रही है यह भाजपा के झूठ की पराकाष्ठा है।

# दीप जलाकर मतदान की अलख जगाएं थीम पर दीपोत्सव मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजनांदगांव 5 नवम्बर।** आओ दीप जलाकर मतदान की अलख जगाए थीम पर शिवनाथ नदी के तट पर स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिले भर में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। राजनांदगांव शहर के किनारे शिवनाथ नदी के तट पर दीपक की रौशनी से दीपावली का नजारा दिखा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा शुभंकर चुनई चिरई की आकर्षक रंगोली बनाई गई और शत प्रतिशत मतदान आकृति बनाकर 500 से अधिक दीप जलाया गया। आंगनबाड़ी सहायिका एवं बिहान समूह की 600 से अधिक महिलाओं द्वारा शिवनाथ नदी में दीपदान कर मतदाताओं से 7 नवम्बर को अवश्य मतदान करने का संकल्प लिया और जनसामान्य से मतदान करने की अपील की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप के निर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी शामिल हुए। राजनांदगांव शहर के किनारे बहने वाली शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला ग्राउंड में छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए बनाए गए शुभंकर चुनई चिरई की आकर्षक रंगोली महिलाओं द्वारा बनाई गई और चारों ओर 500 से अधिक दीपक जलाकर उत्सव का आयोजन किया गया। मोहारा मेला ग्राउंड में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी सहायिका एवं बिहान समूह की 600 से अधिक महिलाओं ने दीपों की खूबसूरत आकृति बनाई जिससे शिवनाथ नदी का तट लोकतंत्र के महापर्व में दीपोत्सव से दमक उठा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने 7 नवम्बर को मतदान अवश्य करने आंगनबाड़ी सहायिका एवं बिहान समूह की महिलाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महिलाओं ने शिवनाथ नदी में दीपदान किया।

## एक नजर

### आईईडी बरामद

**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 85वीं वाहिनी ने सर्चिंग के दौरान थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत बुरजी गांव के पूर्व में 03 किग्रा का आईईडी बरामद किया। जिसे 85वी वाहिनी केरिपु बीडीएस की टीम द्वारा मौके पर निष्क्रिय किया गया। आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान केरिपु 85वी वाहिनी के जवान प्रशांत भुईया को आई मामूली चोट आई जिसे पुसनार कैंप मे मेडिकल अफ्सर द्वारा किया गया उपचार, जवान सुरक्षित है।

### जन मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान



के तहत् 3 नवम्बर को थाना फरसेगढ़ एवं 13वी वाहिनी छसबल की संयुक्त पार्टी माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान संयुक्त पार्टी द्वारा सोमनपल्ली से जन मिलिशिया सदस्य अर्जुनराम सोढ़ी पिता सोढ़ी सुक्कू उम्र 30 वर्ष निवासी आलवाड़ा थाना फरसेगढ़ जिला बीजापुर को पकड़ा गया। पकड़ा गया माओवादी जन मिलिशिया सदस्य 20 अगस्त को चिकटराज पहाड़ में पूजा करने गये ग्रामीण के अपहरण एवं महेश गोटा की रस्सी से गला घोटकर अधमरा कर सोमनपल्ली मार्ग के पास छोड़ने की घटना में शामिल था। पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।



**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव- 2023, अंदरूनी क्षेत्र के मतदान दलों एवं ईवीएम मशीन को आज सुबह से मतदान केन्द्रों के लिये चॉपर के माध्यम से रवाना किया गया। 02 दिनों में 76 मतदान दल एवं ईवीएम मशीन को रवाना किया जायेगा। इस मौके पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

### प्रेक्षकों की उपस्थिति में हुआ मतदान दलों का तृतीय रेण्डमाइजेशन



**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामान्य प्रेक्षक बी जॉन त्लांग्टिनखुमा (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक रतिरंजन देबनाथ (आईपीएस) एवं व्यय प्रेक्षक मनेन्दर (आईडीएएस) की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में 03 नवम्बर 2023 को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का तृतीय रेण्डमाईजेशन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण गवेल एवं रिर्टनिंग आफिसर पवन कुमार प्रेमी उपस्थित थे।

### 7 से 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार.प्रसार पर रोक रहेगी।

# रेडक्रास, एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी बुजुर्ग और दिव्यांगों की करेंगे मदद



### 42 मतदान केन्द्रों में स्कूली बच्चे वालिंटियर के रूप में रहेंगे मौजूद

**बीजापुर 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर विधान सभा 89 में प्रथम चरण का मतदान 7 नवम्बर को होगा। जिले के दिव्यांग, असहाय, वृद्धजन मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने में जिले के 488 वालिंटियर जो कि विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजो के रेडक्रॉस, स्काऊटगाईड/एनएसएस, एनसीसी के विद्यार्थी मतदाताओं की मदद कर निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन/मतदान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इस संबंध में सभी वालिंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण में जिला संगठक नरवेद सिंह ने बताया कि किस तरह से दिव्यांगों एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सहायता मतदान के दौरान किया जाना है। एसडीओ इन्द्रावती टाईगर रिजर्व ने संगवारी मतदान केन्द्र के बारे में आवश्यक जानकारी दी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक लेकर की निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा

# जिले में स्वीप पर हो रहे कार्यों की सराहना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**उत्तर बस्तर-कांकेर, 5 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत आगामी मंगलवार 07 नवम्बर को जिले के मतदाता मतदान करेंगे। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र की तैयारियां की समीक्षा करने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के उच्चाधिकारियों का दल पहुंचा। दल में शामिल सभी आला अधिकारियों ने जिले में निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय नरहरदेव शासकीय महाविद्यालय में आयोजित स्वीप के कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने स्वीप कार्यक्रम की सराहना की और उम्मीद जाहिर की कि 07 नवम्बर को जिले के अधिकांश मतदाता इस महापर्व का हिस्सा बनेंगे।

आज सुबह 11.50 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहब कंगाले सहित स्पेशल पुलिस ऑब्जर्वर अनिल कुमार शर्मा, स्पेशल जनरल ऑब्जर्वर धर्मेन्द्र गंगवार (रिटायर्ड आईएएस), स्पेशल एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर राजेश टुटेजा और साकेत कुमार सिंह सीआरपीएफ के नोडल ऑफिसर हेलीकॉप्टर से भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थित हेलीपैड पर पहुंचे, जहां पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला, एसपी दिव्यांग पटेल और जिला पंचायत के सी.ई.ओ. सुमित अग्रवाल ने स्वागत किया। यहां से वे सीधे सर्किट हाउस पहुंचे, जहां पर पीपीटी के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु जिले के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए तैयार की गई रणनीति की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी और एसपी ने दी। इस दौरान उन्होंने मतदान दल गठन, प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता, ईव्हीएम का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग सहित निर्वाचन के दौरान व्ययों पर निगरानी रखने गठित किए गए एसएसटी, एफएसटी, व्हीएसटी, व्हीव्हीटी सहित विभिन्न प्रकार के दलों की जानकारी दी। इसके अलावा आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन किए गए प्रकरणों के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया, साथ ही दल के सदस्यों को विधानसभा वार जानकारी भी दी गई। तदुपरांत एसपी पटेल ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्था, पुलिस फोर्स सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ और अन्य बटालियन की तैनाती के बारे में बताया एवं संवेदनशील क्षेत्रों में किए गए सुरक्षात्मक उपायों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर जिले के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अशोक कुमार, सुशांत कुमार, एच.जे देसाई और नेल्ली कुमार सुब्रमण्यम भी उपस्थित थे।

### संवेदनशील मतदान केन्द्रों में 'अगास ले नंजर' से रखी जायेगी निगाह



विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में स्थित संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से सूक्ष्म निगरानी की जाएगी, जिसका नाम 'अगास ले नंजर' रखा गया है। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि इस बार मतदान दलों व पोलिंग बूथों सहित समस्त प्रकार की गतिविधियों पर निगाह रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षात्मक उपायों को और अधिक मजबूत बनाते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा यह नवाचार किया जा रहा है। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों व उनके आसपास के इलाकों में ड्रोन कैमरे ''अगास ले नंजर'' सतत् निगरानी करेंगे। उन्होंने बताया कि ये ड्रोन कैमरे उच्च तकनीकी गुणवत्तायुक्त एचडी टेक्नोलॉजी से लैस हैं, जो किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों को कैप्चर कर तत्काल कंट्रोल रूम को फुटेज प्रेषित करने में सक्षम होंगे। प्राप्त फुटेज के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंचकर अविलम्ब कार्रवाई करेगी।

# शासकीय सेवक सेवानिवृत्त होने के बाद युवाओं को अपने अनुभवों का ज्ञान जरूर दें : कलेक्टर

### सेवानिवृत्त हो रहे 10 कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 5 नवम्बर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शासकीय सेवक के रूप में लम्बी अवधि तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने के उपरांत समाज-समुदाय के युवाओं को अपने अनुभवों का ज्ञान जरूर दें। उन्होंने कहा कि हर माह की तरह हमारे शासकीय कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, शासकीय परिवार से जुदा होने के दिन उनका अभिनंदन करने की प्रथा शुरू की गई है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त हमारे शासकीय सेवकों को उनके सभी स्वत्वों का शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता का समय पर प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हो रहे 10 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 10 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस अवसर पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन से संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे विशिष्टगण उपस्थित थे।

### मतदान के लिए 7 नवम्बर को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**जगदलपुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) 1881 के तहत जिला बस्तर के अंतर्गत समाहित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित शासकीय संस्थानों तथा कार्यालयों के लिए 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को मतदान हेतु सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 समय अनुसूची (कार्यक्रम) में अंकित अनुसार निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए जिला बस्तर अंतर्गत समाहित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित शासकीय संस्थानों एवं कार्यालयों हेतु 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को मतदान करने के लिए सामान्य अवकाश का दिन भी रहेगा।

### चुनई तिहार 2023:छात्र छात्राओं ने रंगोली, दीप प्रज्वलन, मानव श्रृंखला बनाकर की शत प्रतिशत मतदान की अपील


# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पानी के भीतर रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र

■ **कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने शत प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ एवं बच्चों से अपने अभिभावक को मतदान करने जागरूक करने कहा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 5 नवंबर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मिनी स्टेडियम में स्कूली छात्र×छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए रंगोली बनाकर विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की अपील की। इस दौरान बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र त्रिलेश उद्दे द्वारा पानी के भीतर बनाई गई रंगोली आकर्षक का केंद्र रहा जिसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।वही क्रमशः द्वितीय अंजलि नाग] तृतीय स्थान अनुसुइया कुरसम ने प्राप्त किया। कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने रंगोली प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर उपस्थित सभी लोगों को बीजापुर जिले में 7 नवंबर को मतदान हेतु शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार साहू ने छात्र×छात्राओं को अपने अभिभावकों को मतदान करने जानकारी देकर जागरूक करने को कहा। वहीं जिला उप निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने उपस्थित सभी को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी विद्यालय बीजापुर] कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर] पोटा केबिन बीजापुर] एकलव्य विद्यालय बीजापुर] छू लो आसमान] स्पोर्ट्स एकेडमी एवं हाई स्कूल ईटपाल के शिक्षकों ने एवं छात्रों ने द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर मानव श्रृंखला बनाते हुवे] मतदाताओं को जागरूक किया।

स्वीप नोडल अधिकारी गीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मतदाता जागरूक कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में निरंतर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधि आयोजित कर शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जाकिर खान ने किया। इस दौरान जिले के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों से मतदाता कर सकेंगे मतदान

**जगदलपुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफइंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक नि:शक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

### 45वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम रवाना



**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ज्ञात हो की 45 वे सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर के नगर में 4 नवंबर से 8 नवंबर के बीच आयोजित है जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल की टीम शामिल होगी छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सॉफ्टबाल की टीम रायपुर से 1 तारीख को दुर्ग जम्मू तवी ट्रेन से प्रस्थान करेगी छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल टीम में बीजापुर जिले के पांच खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने अपने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम में जगह हासिल की है जिसमें अरुणा पुनेम कविता हेमला रेणुका तेलम ज्योति हेमला और अनीता चेरपा शामिल है अरुण एक इंटरनेशनल और 11 नेशनल खेल चुकी है वही कविता भी 1 इंटरनेशनल और 8 नेशनल रेणुका 1 इंटरनेशनल और 8 नेशनल ज्योति अब तक 10 नेशनल खेल चुकी वही अनीता चेरपा का वही अनीता चेरपा का यह पहला नेशनल है वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में रायपुर से चार खिलाड़ी दुर्ग से दो खिलाड़ी जांजगीर चांपा रायगढ़ बिलासपुर से अन्य खिलाड़ी शामिल हुए हैं जिला कलेक्टर राजेंद्र कटारा जिला सीईओ रवि कुमार साहू एवं अकादमी के प्रभारी दिलीप उइके खिलाड़ियों के भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी है साथ में इंटरनेशनल कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार एवं सहायक कोच कृष्णा कुमार डोडी मौजूद थे।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने भैरमगढ़ ब्लाक के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया



**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा ने विधानसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने भैरमगढ़ पहुंचे इस दौरान नेलसनार, मिरतुर, फुलगट्टा, बेचापाल के मतदान केन्द्रों का औचकर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं नेलसनार, बांगापाल के चेकपोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल के ड्युटी मे तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को सभी वाहनों का सघन जांच करने, आपत्तिजनक वस्तुओं को जब्त करने, विडियोग्राफी करने सहित पंजी का संधारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उत्तम सिंह पंचारी, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र कुमार बालेन्द्र सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### आदर्श मतदान केंद्र का प्रेक्षकों ने किया निरीक्षण



**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने जिले में 5 आदर्श मतदान केंद्र बनाया जा रहा है। जिसमें से एक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में सामान्य प्रेक्षक बी जॉन त्लांग्टिनखुमा (आईएएस)] पुलिस प्रेक्षक रतिरंजन देबनाथ (1द्मर्ढ्ढद्धद्ध, द्यद्ग एवं व्यय प्रेक्षक मनेन्दर दआईडीएएसद्ग ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

## एक नजर

### मतदान दल हेलीकॉप्टर से रवाना



**सुकमा 5 नवंबर।** आज 15 मतदान दल ही हेलीकॉप्टर से हो सके रवाना, मौसम खराबी के चलते दूसरे पहर में नहीं उड़ान नहीं भर सका हेलीकॉप्टर आज करीब 23 मतदान दल को हेलीकॉप्टर से भेजा जाना था लेकिन 15 मतदान दल ही हो सके रवाना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कुल 42 मतदान दलों को दो दिवस के भीतर भेजा जाना हैं । सुरक्षा कारणों के चलते जिले के कोंटा विधानसभा में 36 मतदान केंद्रों को किया गया हैं शिफ्ट । अधिकांश अंदरूनी इलाके में किए गए हैं शिफ्ट हेलीकॉप्टर से आज दूसरे दिन भी जारी हैं मतदान दलों को भेजने का कार्य ।आज कुल 27 दलों को भेजा जाना हैं।

### लखमा ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया

**सुकमा 5 नवंबर।** कोंटा विधानसभा में कैबिनेट मंत्री व प्रत्याशी श्री कवासी लखमा जी का ग्राम पंचायत नागरास के सोनाकुकानार एवं कोठीगुड़ा में आयोजित नुक्कड़ सभा मे सुनने जन सैलाब गांव गांव मंत्री कवासी लखमा को मिल रहा प्यार, विश्वास और साथ उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी जो कहती है वो करती है बीजेपी की तरह 15 लाख का झूठा वादा नही करती। उन्होंने ग्रामवासियों से 7 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को कांग्रेस के पक्ष अधिक से अधिक वोट डालने की अपील किये।



### वक्ता मंच की मासिक काव्य गोष्ठी 6 को

**रायपुर 5 नवंबर।** प्रदेश की सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच की मासिक काव्य गोष्ठी कल सोमवार 6 नवंबर 2023 को संध्या 6 बजे वृंदावन सभागृह रायपुर में आयोजित की गई है ।वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि काव्य गोष्ठी मतदाता जागरण एवं दीपोत्सव विषय पर केंद्रित होगी । इस अवसर पर हिंदी, उर्दू एवं छत्तीसगढी भाषा में प्रदेश भर के कविगण अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर सकते है द्य कार्यक्रम के दौरान वक्ता मंच एवं जन एकता फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित किये जानेवाले साझा काव्य संग्रह ÷ काव्य माणिक्य की प्रगति के विषय में भी जानकारी दी जायेगी। उपस्थित साहित्यकार शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी लेंगे। वक्ता मंच द्वारा समस्त साहित्य प्रेमियों को इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है ।

### मानव श्रृंखला और पोस्टर बनाकर मतदान के लिए किया प्रेरित

**महासमुंद 5 नवंबर।** मतदान का महत्व समझाने और लोगों को जागरूक करने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। छात्राओं ने पोस्टर बनाकर नागरिकों से 17 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान करने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य परसराम सिन्हा व्याख्याता अनुपमा मानिकपुरी, मनीषा तिर्की ने मतदान का महत्व बताया और शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। व्याख्यातागण श्रवण सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, सन्त राम साहू, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, महेंद्र ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन समस्त कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, मनीषा राजपूत, दुलारी, सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे। पोस्टर बनाने में धानकुमारी, रूपाली साहू, पायल साहू, मोनिका साहू, चंचल साहू, मुस्कान परवीन, तुषिता, शेया, कमलेश्वरी साहू, तुकेश्वरी साहू, निधि बंजारे, खुशबू चेलक, पदमिनी साहू, नीरा साहू ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### किसान नेता ने थामा कांग्रेस का दामन

**रायगढ़, 5 नवम्बर।** किसान नेता लल्लू सिंह ने एकबार फिर कांग्रेस का दामन थाम लिया है और घर वापसी कर ली है। विधायक प्रकाश नायक ने उन्हें पार्टी का गमछा पहनाकर घर वापसी कराई। लल्लू सिंह के साथ दर्जनों समर्थकों ने एक बार फिर कांग्रेस का हाथ थाम लिया। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी को लेकर उनमें जो विचारधारा थी वह पार्टी वैसे नहीं निकली आम आदमी पार्टी सिर्फ खास लोगों की है।

# कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए दिए जरूरी निर्देश

## कोचियों एवं बिचौलियों के धान लाने पर होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी को लेकर आज एनआईसी कक्ष में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने किसान पंजीयन के रकबा सत्यापन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को अवैध धान के आवक को रोकने के लिए बनाए गए चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अंतर्राज्यीय सीमा में संवेदनशील समितियां हैं, ऐसे केंद्रो पर नियमित निरीक्षण करें।



उन्होंने उपार्जन केन्द्रों सभी सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही किस्मवार स्टेकिंग एवं गुणवत्तायुक्त धान खरीदी के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कहा कि समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा धान विक्रय किए जाने पर खाद्य निरीक्षक एवं मंडी निरीक्षक के द्वारा प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बारदाने के संबंध में भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी समितियों में खरीदी हेतु पर्याप्त बारदाने उपलब्ध रहे। पीडीएस बारदाने के शत-प्रतिशत एकत्रीकरण को एसडीएम द्वारा समीक्षा करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चिन्हांकित संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों की विशेष निगरानी एसडीएम/ तहसीलदार रखेंगे। साथ ही अनियमितता पाये जाने पर तत्काल प्रकरण तैयार करें। उन्होंने सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान की आवक रोकने हेतु स्थापित चेकपोस्ट की सघन निगरानी और निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान उपार्जन केन्द्रों में नमी मापक यंत्र एवं संभावित वर्षा को देखते हुए लेयर ड्रेनेज तथा पर्याप्त कैप कव्हर की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सहकारिता एवं अपेक्स बैंक को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले के सभी धर्मकांटो का पुनः सत्यापन करने, खरीदी केन्द्रों/ मिल में वजन शार्टेज की कमी न हो सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समिति, उपार्जन केन्द्र, मिल, उठाव किसी भी स्तर में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति, विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए।

# लंबित व वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**महासमुंद 5 नवंबर।** पोर्टफोलियो न्यायाधीश और रजिस्ट्रार ने जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला न्यायालय महासमुंद के पोर्टफोलियो न्यायाधीश रजनी दुबे, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जिला मुख्यालय महासमुंद के सभी न्यायालय कक्ष, पंजीयन शाखा, वीसी कक्ष, प्राथमिक उपचार केंद्र, किलकारी कक्ष, कंप्यूटर अनुभाग, रिकार्ड कक्ष, मालखाना कक्ष सहित समस्त अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दस्तावेज का उचित निर्धारण एवं रख रखाव संबंधी संबंधित कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। न्यायाधीश के साथ बीपी वर्मा रजिस्ट्रार (आईएंडई) उच्च न्यायालय बिलासपुर उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति द्वारा न्यायालय परिसर के विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का भी जायजा लिया। पश्चात न्यायमूर्ति, जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। न्यायालयों के निरीक्षण कार्यक्रम पश्चात न्यायमूर्ति ने न्यायिक अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों के यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस संबंध में सभी न्यायिक अधिकारियों को पुराने प्रकरणों एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरणों के शीघ्रता से निराकरण करने निर्देशित किया। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय से समय-सीमा निर्धारित प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडेय, कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामजीवन देवांगन, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद चित्रलेखा सोनवानी, सिविल न्यायाधीश अदिति ठाकुर सराफ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा, सिविल न्यायाधीश राहुल सराफ, योगिता जांगडे, प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीश खुशबू जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी जेडी बारसे सहित समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने पेंटिंग कर वोट देने के लिए किया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत नगर निगम द्वारा आज वार्ड क्रमांक 17 के गणेश तालाब में मतदाता जागरूकता हेतु वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया। आयोजित मतदाता जागरूकता वॉल पेंटिंग में सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक शामिल हुयी। किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता देते हुए पेंटिंग के माध्यम से जन-सामान्य को वोटिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से निर्वाचन से संबंधित प्रश्न भी पूछे।



विद्यार्थियों द्वारा सही जवाब देने पर उनका हौसला आफजाई की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव एवं आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी भी उपस्थित रहें।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता एवं वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिले भर में नियमित रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं, ताकि जिन वार्ड, बूथ में मतदान की प्रतिशत कम है उसे बढ़ाया जा सके। इसी क्रम में आज वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने विद्यार्थियों संग वॉल पेंट कर एवं सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लेकर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की।

**मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया प्रोत्साहित**

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्दर यादव के निर्देशन में सीईओ जनपद पंचायत तमनार श्री वीरेन्द्र रॉय के मार्गदर्शन में ग्राम मिलूपारा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला, रंगोली बनाकर एवं रैली निकालकर लोगों से मतदान हेतु अपील की गई।

## समाचार संक्षेप

### भारी मात्रा में महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त

**महासमुंद 5 नवंबर।** आबकारी टीम ने दो गांवों से अवैध शराब और महुआ लाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार बसना क्षेत्र के ग्राम चेरगाडोढहा के जंगल से महुआ शराब 50 लीटर एवं 500 किलो महुआ लाहन जब्त कर अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) एवं 34(1) (च) का प्रकरण दर्ज किया है। वहीं शुक्रवार को संयुक्त आबकारी टीम ने महासमुंद ग्रामीण वृत्त अंतर्गत की ग्राम पचरी, थाना -खल्लारी के रतन कुमार टंडन से 50 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा तथा उमेश कुमार ध्रुव, ग्राम रैताल, थाना-खल्लारी से 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा एवं 30 किलोग्राम महुआ लाहन कुल मात्रा 54 बल्क लीटर महुआ मदिरा व 30 किलो महुआ लाहन जब्त किया। कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा, बसना नितेश सिंह बैस, आबकारी मुख्य आरक्षक माधव राव, आबकारी आरक्षक संजय तिवारी, देवेश मांझी, संजय मरकाम तथा नगर सैनिक मुकेश प्रधान, वाहन चालक गांधी राम ठाकुर व समस्त आबकारी स्टाफ महासमुंद द्वारा की गई।

### भाजपा का घोषणा पत्र के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साहः चोपड़ा

**महासमुंद 5 नवंबर।** कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा, सांसद चुन्नीलाल साहू ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा का घोषणा पत्र आने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है वहीं कांग्रेस ने अब तक विधिवत तरीके से घोषणा पत्र जारी नहीं किया है। जो भी घोषणाएं की जा रही है वह या तो राहुल-प्रियंका कर रहे हैं या भूपेश बघेल। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने घोषणा पत्र जारी नहीं किया है। ऐसे में धरातल से अलग घोषणाओं से मुकरने में कांग्रेसियों को समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो किसानों का धान 31 सौ रुपए में प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदा जाएगा। महतारी वंदन योजना के तहत हर वर्ष महिलाओं को 12 हजार रुपए, एक लाख सरकारी नौकरी, भूमिहीन मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपए, गरीब महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर और रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या दर्शन आदि। भाजपा ने यहाँ 22 प्रमुख घोषणाओं का उल्लेख किया। प्रदेश में शराबबंदी के सवाल पर भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी सरकार आने के बाद ही शराबबंदी को लेकर रणनीति तय करेगी। कर्जमाफी के मुद्दे को भाजपा द्वारा घोषणा पत्र में शामिल नही किए जाने के सवाल पर कहा कि घोषणा पत्र में भाजपा किसानों की 20 हजार की कर्जमाफी के बजाय सालाना 2 लाख 21 हजार का लाभ देने जा रही है। सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि भाजपा ने घोषणा पत्र में महासमुंद जिले के लिए पैरी सिकासेर बांध के वेस्ट वियर से कोडार बांध तक इंटरलिंकिंग कार्य 2025 तक पूरा करने शामिल किया है। पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व महामंत्री एतराम साहू, महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, संदीप दीवान, देवेंद्र चंद्राकर के साथ महासमुंद प्रभारी मनीष जायसवाल, सह प्रभारी संध्या परगनिहा आदि शामिल थे।

### मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया दूसरे चरण का प्रशिक्षण

**महासमुंद 5 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए गठित मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 नवंबर से प्रारंभ होने वाला है। जिसके लिए मास्टर ट्रेनर्स को दूसरे चरण का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की उपस्थिति में जिला मुख्यालय में दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर मलिक ने कहा कि निर्वाचन कार्य के सफल संपादन के लिए आवश्यक है कि मतदान दलों को प्रशिक्षण इस तरह दिया जाए कि वे बिना किसी गलती के समस्त कार्यों को कर सके। इसलिए निर्वाचन कार्य में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी की होती है। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने मतदान प्रक्रिया की बारीक से बारीक और महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी देते हुए मॉकपोल करना, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी करना और वास्तविक मतदान के लिए मशीन को तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के कार्यों तथा मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी और पीठासीन अधिकारी की डायरी तैयार करने की जानकारी दी। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में दो बैलेट यूनिट उपयोग में लाया जाएगा। इन्हें आपस में कनेक्ट करने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, मास्टर ट्रेनर संजय मांझी, जीआर सिन्हा, हेमेंद्र आचार्य, आशीष देवांगन आदि उपस्थित थे।

### परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में पीजी कालेज महासमुंद ने पलारी को हराया

**महासमुंद 5 नवंबर।** परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 04 अक्टूबर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का पहला मैच शासकीय महाविद्यालय मोपका एवं शासकीय महाविद्यालय कसडोल के मध्य खेला गया। जिसमें मोपका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 144/10 रन बनाए।

# संगवारी एवं आदर्श मतदान केंद्रों में विशेष मतदाताओं के सहयोग के लिए रहेंगे मतदाता मित्र

- जिले के 40 संगवारी मतदान केंद्र में मतदाता मित्र की होगी तैनाती
- स्काउट एवं गाइड बनाए गए मतदाता मित्र

**सुकमा, 5 नवम्बर ।** निर्वाचन आयोग भारत सरकार नई दिल्ली के आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस के निर्देशन में समावेशी सुगम एवं सहभागी मतदान हेतु जिले के 40 संगवारी मतदान केंद्र एवं आदर्श मतदान केंद्रों में मतदाता मित्र की नियुक्ति की गई है, जो 7 नवंबर 2023 मतदान दिवस के दिन वृद्धजन दिव्यांगजन तृतीय लिंग एवं गर्भवती महिलाओं के सहायता हेतु मतदान संपन्न होने तक उपस्थित रहेंगे। वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केंद्रों में व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु से निर्देश दिए गए है।

सभी आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी के तहत अन्य सुविधाएं जैसे रैंप टॉयलेट, बिजली इत्यादि की व्यवस्था भी की गई है। जिससे विशेष सहायता की आवश्यकता रखने वाले मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उल्लेखनीय है कि उक्त व्यवस्था के उचित पर्यवेक्षक हेतु प्रत्येक संगवारी मतदान केदो में बूथ प्रभारी भी नियुक्त किए गए जो मतदान मित्रों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान प्रक्रिया में सहयोग हेतु अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे। साथ ही विशेष सहायता की आवश्यकता रखने वाले ऐसे मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केंद्रों में पृथक से मतदाता सहायता केंद्र भी बनाया जाएगा।

जहां पर ऐसे मतदाताओं को बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था भी होगी। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि में निर्मित डमी वैलेट सीट भी उपलब्ध रहेगी, जहां दृष्टिबाधित दिव्यांगजन अपने पसंद के उम्मीदवारों का क्रम नाम एवं चुनाव चिन्ह से अवगत हो सकेंगे ताकि वोटिंग प्रक्रिया के दौरान ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की सुविधा न हो और सुगमता से अपने मत का प्रयोग कर सके।

# अपने दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करें नोडल अधिकारी:कलेक्टर

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 5 नवंबर।** जिले में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार एवं जफर मलिक की मौजूदगी में हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने नोडल अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व एवं तैयारियों की जानकारी दी। नोडल अधिकारियों ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने कार्यों एवं तैयारियों की संबंध में बताया। इस दौरान महासमुंद एवं खल्लारी के लिए नियुक्त प्रेक्षक भीमनवार ने कहा कि नोडल अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को कुशलता के साथ पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी आपस में समन्वय से कार्य करें और जिले में इस निर्वाचन में 90 प्रतिशत मतदान का रिकॉर्ड बनाकर मॉडल जिले के रूप में प्रस्तुत करें।

बसना एवं सरायपाली के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जफर मलिक ने कहा कि आपस में समन्वय आवश्यक है। जैसे-जैसे मतदान नजदीक आते जाएंगे, वैसे-वैसे चुनौतियां भी बढ़ती जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने कार्यों की प्रस्तुति प्रेजेंटेशन के माध्यम से देने कहा। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। विशेषकर दिव्यांग मतदाता, नवीन मतदाता एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं को इससे जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर एक वोटर मित्र भी होगा। प्रेक्षकों ने नव वधुओं के सम्मान कार्यक्रम की सराहना की।

इसी तरह ईवीएम, व्यय लेखा, कम्युनिकेशन प्लान, एमसीएमसी, एमसीसी, आबकारी, मटेरियल मैनेजमेंट आदि के दायित्वों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि मंडी परिसर में मतदान दलों के वितरण के लिए तैयारी की गई है। साथ ही मतदान दलों के रवानगी के लिए बसों की पर्याप्त व्यवस्था भी की गई है। प्रेक्षकों ने मतदान केंद्रों में एक व्हील चेयर के अलावा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त व्हील चेयर रखने के सुझाव दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, रविराज ठाकुर सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधान सभावार मतदान केन्द्रों की संख्या एवं मशीनों की आवश्यकता की जानकारी दी

# प्रेक्षक, दलों के प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम का द्वितीय रेण्डमाइजेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा के मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, आईएएस श्री सी.एन.लोंगफाई, आईएएस श्री ससीम कुमार बरई, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधान सभावार मतदान केन्द्रों की संख्या एवं मशीनों के आवश्यकता की जानकारी दी। इस दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों का विधानसभा वार ऑनलाइन आबंटित किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आरओ के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन कर उसकी प्रति सौंपी गई।



इस अवसर पर आरओ श्री गगन शर्मा, श्री रोहित सिंह, अक्षा गुप्ता एवं राजनीतिक दलों से श्री राजेश पाण्डेय, श्री आशीष शर्मा, श्री प्रिंकल दास, श्री अशोक गार्डिया, गुरूवारी जीनत परवीन, श्री पिन्टू सिंह, श्री दीपक अग्रवाल, श्री आलोक स्वर्णकार, श्री रवि लाल राठिया, इबरार अहमद, श्री आनंद सिदार, श्री भजन सिदार उपस्थित रहे।

**ईवीएम एवं वीवीपैट को वेयर हाउस से भेजा गया स्ट्रॉन्ग रूम :** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन होने के पश्चात कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाऊस को राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया। तत्पश्चात मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का विधानसभा क्षेत्रवार पृथक मशीनों को वेयर हाउस से संबंधित विधानसभा के स्ट्रॉन्ग रूम कंटेनर के माध्यम से भेजा गया।

## एक नजर



**तिल्दा-नेवरा, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी तिल्दा-नेवरा ग्रामीण मंडल भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा का जनसंपर्क कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल की उपस्थित में जोरदार बीजेपी के लिय जनसंपर्क किया गया। गांव गांव में बीजेपी के माहौल के लिए धीरे धीरे स्थानीय नेता अब सक्रिय हो गए है। इस तरह तिल्दा नेवरा नगर में भी जनसंपर्क किया जा रहा है जनता में बीजेपी के लिय माहौल हैं।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने वाला गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मामले** का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 30 अक्टूबर के रात्रि 11.00 बजे खनिज निरीक्षक द्वारा खनिज दल कर्मचारी के साथ पनगांव बाई पास रोड में खनिज सम्पदा की अवैध परिवहन की जांच दौरान हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमपी 7722 में खनिज सम्पदा रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने से जप्त कर कलेक्टर परिसर खुला स्थान में रखवाया गया था जिसे 31 अक्टूबर के सुबह 10.30 बजे देखने पर जप्तशुदा वाहन परिसर में नहीं था। वाहन के मालिक जरिये मोबाईल सम्पर्क करने पर वाहन संचालक गोपाल सोनकर द्वारा वाहन को अपने ड्रायवर से चालू कराकर अपने पास मंगा लेना बताया जो वाहन संचालक गोपाल सोनकर एवं वाहन चालक बालकदास कोसले निवासी सिमगा द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के आरोपी पता तलाश पर आरोपी बालदास कोसले पिता पीलू दास कोसले उम्र 20 वर्ष सा. नयापारा सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा को घेराबंदी कर पकडा आरोपी द्वारा अपराध कबुल करने पर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्र आर जगदीश राठौर आर अकरम खान का विशेष योगदान रहा।

### 17 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



**बलौदाबाजार, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 871, 872, 873/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया मामला इस प्रकार है कि 4 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपियान 01. किशुन कुमार कुर्रे ऊर्फगुड्डु पिता भागबली कुर्रे 02 राजेश कुमार धृतलहर पिता सखराम धृतलहरे 03. सखराम पिता करीया घृतलहरे से अवैध शराब 17 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 3400/रूपये को जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# पारंपरिक वेशभूषा में नेयुके ने दिल्ली में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 5 नवमबर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश माटी को नमन वीरों का वंदन कलश यात्रा के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ से कुल 206 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।उक्त समारोह मेंप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत देश को विकसित भारत बनाने के अपने संकल्पों को दोहराते हुए कहा कि इस मिट्टी की सौगंध है हम देश को भव्य बनाकर ही रहेंगे। इससे पहले उन्होंने देश की माटी को नमन करके इससे तिलक भी किया और कहा कि दुनिया की बड़ी- बड़ी महान सभ्यताएं समाप्त हो गई, लेकिन भारत की मिट्टी में वो चेतना है जिसने इस राष्ट्र को अनादिकाल से आज तक बचा कर रखा है। ऐसे में गांव-गांव से यहां लाई गई यह मिट्टी हमें अपने संकल्पों और कर्तव्यों को याद दिलाती रहेगी।गरियाबंद जिले के राष्ट्रीय स्वयंसेवक नरेन्द्र साहू ने बताया कि जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी जी के मार्गदर्शन में पूरे गरियाबंद जिले के हर ब्लॉक से मिट्टी इकट्ठा करके अमृत कलश दिल्ली के कर्तव्यपथ पर पहुंचाया गया।इस मौके पर पीएम मोदी ने युवाओं के सपनों को पंख देने के लिए मेरा युवा भारत (माँय भारत) संगठन का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर देश भर से आए एक लाख से ज्यादा युवाओं सहित आजादी के अमृत महोत्सव समारोहों से जुड़े व गरियाबंद जिले के स्वयंसेवक उमाशंकर शिवकुमारी शारदा आदि भी मौजूद थे।जिनमें इस आयोजन को छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वयंसेवकों भारी उत्साह और उल्लास देखने को मिला। इसके तहत एकता का संदेश देने व वीर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करने के लिए गांव-गांव से मिट्टी जुटाई गई।



## स्वीप कार्यक्रम-2023: 7 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदाताओं को वोटिंग करने का संदेश

# रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम से गांव-गांव में चल रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा, 5 नवम्बर।** जिले के गांव-गावं में रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को 07 नवंबर अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान में स्कुली छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, द्वारा बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पालनार, घोटपाल-02, बटटीनामा, बचेली गंगो पारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आंवराभाटा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला झोड़ियाबाड़म के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इन गांवों के विद्यालय के छात्रों ने जहां नृत्य, संगीत और रंगोली बनाकर मतदान करने की प्रेरित किया तो वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन और शिक्षकों ने मतदान के लिए रैली या मानव श्रृंखला बनाकर स्वयं मतदान करने तथा औरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इसके अलावा मतदान कार्मिकों ने भी घर-घर जाकर महिला मतदाताओं को मतदान करने के लिए ग्रामीण बोल चाल की भाषा में ''नेवता'' भी दिया ताकि शत-प्रतिशत मतदान हर जगह सुनिश्चित किया जा सकें।



## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 5 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु निर्वाचन के लिए सभी मतदाता जिन्हे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये हैं, मतदान केन्द्रों पर वोट डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे एवं निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और युनिक डिसएबिलिटी आईडी (युडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**चारामा, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 विधानसभा तथा राजनांदगांव जिले के 8 विधानसभा सहित कुल 20 विधानसभा की सीटों पर 7 नवंबर को मतदान होना है। संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये है। इसी तारतम्य में पुलिस के द्वारा नगर में फ्लैग मार्च किया गया।

### जिले के 28 दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने किया घर पर मतदान

**बीजापुर, 5 नवम्बर।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर के 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन एवं दिव्यांगजन डाक मतपत्र से मत देकर लोकतंत्र के निर्माण में सहभागिता बन रहे है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है] जिसके अंतर्गत वृद्धजन और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। बीजापुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 के मतदान केन्द्र क्रमांक 143 भैरमगढ़ 4 के 80 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता मुकेश कुमार सेन] भोपालपटनम के मतदान केन्द्र 27 के 84 वर्षीय वृद्ध मतदाता लक्ष्मी बाई भीमारपू सहित कुल 28 घर पहुंच मतदान सुविधा का लाभ लिया। इन मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के इस सुविधा के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अवसर मिला और हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बने।

## समाचार संक्षेप

### 7 से 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन पांच राज्यों में साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।


### शासकीय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज को नैक मूल्यांकन में मिला बी ग्रेड

**दंतेवाड़ा, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय को विगत किए गये ''नैक'' मूल्यांकन में ''बी'' ग्रेड दिया गया है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर. के. हिरखने ने बताया कि इस अंचल में शिक्षा और संस्कृति को विकसित करने का कार्य सिर्फ एक स्तर से संभव नहीं है। इसके लिए



महाविद्यालय के सभी अनुषंगिक विभागों का समन्वित प्रयास जरूरी है। यहां निमित्त स्टाफ की कमी के कारण महाविद्यालय कार्य में अक्सर बाधाएं आती रहती है। और इसी प्रकार इस क्षेत्र में अनुसंधानी कार्य के लिए समुचित माहौल नहीं बनने के कारण हमारे ग्रेडिंग हमेशा प्रभावित हुई है। इस और हमारा प्रयास होगा कि हम अगली बार इससे भी बेहतर ग्रेड में पहुंचे और इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी का कहना था कि महाविद्यालय के विगत 5 वर्षों के अध्यापकीय गतिविधियों सहित यहां के अनुसंधान वृद्धि को आधार मानकर नैक मूल्यांकन समिति द्वारा जिस प्रकार मूल्यांकन किया गया यह हम सभी के लिए उत्साहवर्धक हैं। बहरहाल शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को ''बी ग्रेड'' दिये जाने पर समस्त स्टाफ द्वारा हर्ष जताया गया है।

### जोगी कांग्रेस प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने किया घुमका ग्रामीण क्षेत्र का सघन दौरा



**डोंगरगढ़, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जोगी कांग्रेस प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने डोंगरगढ़ विधानसभा के घुमका क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाटगांव , भटगांव, टेमरी, भदेरा नवागांव,बिजेतला, इरई खुर्द, इरई कला, मोहन्दी, मूरमुंदा, चारभाटा, बिरेझर, घुमका, खैरा, जराही आदि गाँवो में सघन चुनावी जन दौरा करके पार्टी के शपथ पत्र की विशेषता प्रत्येक बूथों तक पंहुचाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की ।घुमका में आमसभा करते हुए भारती ने कहा की अगर प्रदेश में जोगी कांग्रेस की सरकार बनती है तो आमजनता की तकलीफ हमारी तकलीफहोंगी पुरे राज्य में योजनाओं को विस्तार कैसे होगा इस बारे में चर्चा करते हुए लोकनाथ भारती ने बताया की हमारी सरकार बनते ही किसानो का धान 4000रूपये प्रति क्विंटल जोगी सरकार खरीदी करेंगी। वृद्ध महिलाओ को 4500रूपये प्रति माह पेंशन देगी, राज्य के बेरोजगारों को 3000 रूपये प्रति माह। भूमिहीन किसानो को प्रत्येक वर्ष 1लाख रूपये। दारू की जगह दूध क्रांति लाना ।तथा जो परिवार मकान बनाने में असमर्थ है उसे 2रूम जोगी आवास प्रदान किया जायेगा , गैस सिलेंडर 300रूपये किया जायेगा। ये शपथ पत्र में लिखकर हमारे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ से गरीबी हटाने का संकल्प लिया है सरकार बनने पर यह योजना आमलोगों तक पहुंचेगा चुनाव सभा में आप सभी से अपील करता हूं ।की राज्य में जोगी कांग्रेस की सरकार बनाये। जोगी कांग्रेस प्रत्याशी लोकनाथ भारती को बटन क्रमांक 2 में बटन दबाकर जोगी कांग्रेस सरकार बनाये ।इस दौरान अजीत जोगी युवा मोर्चा लोकसभा अध्यक्ष अमर गोस्वामी, युवा लोकसभा उपाध्यक्ष आकाश वर्मा युवा नेता सेवक कँवर, रमेश मारकंडे, लल्तीन बाई कुर्रे, हेमेश जांगड़े, अभिषेक भारती, अनीता भारती, बाबूलाल भारती, कृष्णा मारकंडे,और कार्यकर्त्ता साथ ही सभी ग्रामो के ग्राम वासी उपस्थित थे।

## विधानसभा निर्वाचन-2023: स्वीप के तहत 8 नवंबर को होंगे विविध आयोजन

# शत प्रतिशत मतदान के लिए पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक चलेगा हस्ताक्षर अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप के तहत 8 नवंबर को जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान का थीम बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प रखा गया है। उक्त कार्यक्रम ग्राम पंचायत में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रखा गया है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौक चराहों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने सभी जिला वासियों से अधिक से अधिक इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है।

# सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में द्वितीय रेंडमाइजेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 नवंम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए जिले में नियुक्त कसडोल विधानसभा क्षेत्र-44 के सामान्य प्रेक्षक डॉ. राजेन्द्र भारूड़ एवं बलौदाबाजार-45 एवं भाटापारा-46 विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर की उपस्थिति में आज मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में दोनो सामान्य प्रेक्षकों और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 के 402 मतदान केंद्रों एवं बलौदाबाजार-45 के 196 एवं भाटापारा-46 विधानसभा क्षेत्र के 282 मतदान केंद्रों के लिए मतदलों का निर्वाचन आयोग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया।



जिसके तहत कसडोल के लिए बैलेट यूनिट 888, सीयू 482, वीवीपीएटी 522, बलौदाबाजार के बैलेट यूनिट 367, सीयू 367, वीवीपीएटी 397, भाटापारा के लिए बैलेट यूनिट 622, सीयू 338, वीवीपीएटी 366 का रेंडमाइजेशन कर अलॉट करने की प्रक्रिया की गई। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला पंचायत सीईआ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर बी सी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित सभी आर ओ, अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 5 नवंबर।** अर्जुन नगर समता कालोनी में पूर्व विवाद को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज सारथी 23 वर्ष गोपाल नगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी गौरव इंग्ले व कनवर बाग ने पुराने विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गली में खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 5 नवंबर।** हनुमान मंदिर गली कायस्तपारा में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चोवाराम देवदास 37 वर्ष बीएसयूपी कालोनी सरोना का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 22 टी 6490 को हनुमान मंदिर गली कायस्तपारा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सेलून दुकान संचालक पर उस्तरा से हमला

**रायपुर, 5 नवंबर।** सेरीखेड़ी में बाल कटिंग करने की विवाद को लेकर एक युवक ने सेलून दुकान संचालक से गाली-गलौज उस्तरा से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कोमल सेन 27 वर्ष रावणभाठा सेरीखेड़ी का रहने वाला है। प्रार्थी सेलून दुकान चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी श्रवण साहू प्रार्थी के दुकान में आया और बाल कटिंग के विवाद पर गाली-गलौज कर अस्तुरा से प्रार्थी को मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 5 नवंबर।** ग्राम नवागांव खरोरा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नंदकुमार गेन्द्रे 38 वर्ष ग्राम भेजरीडीह खरोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि नंदकुमार अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी ग्राम नवागांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 15 गिरफ्तार

**रायपुर, 5 नवंबर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी रावेंद्र प्रसाद तिवारी 45 वर्ष, रामशंकर साहू 26 वर्ष व सीयाराम साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी कामेश्वर महापात्र 67 वर्ष, आजाद चौक पुलिस ने आरोपी घनश्याम अग्रवाल 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह 28 वर्ष व सूरज जगवानी 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी नितिश राय 25 वर्ष व गणेश तिवारी 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज पुलिस ने आरोपी संदीप अग्रवाल 36 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी गुपेन्द्र यादव 20 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी चेतन निषाद 34 वर्ष, मन्नू नायक 43 वर्ष व राजेश कुमार बंजारे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राखी पुलिस ने आरोपी दिलीप पटेल 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# किसने दस्तक दी है, दिल पर कौन है आप तो अंदर हैं, बाहर कौन है?






छत्तीसगढ़ के 23 सालों के इतिहास में करीब आधा दर्जन सीडी, एसएमएस कांड हो चुके हैं।इसमें कई राजनेता जुड़े रहे हैं, हालांकि जितनी भी सीडी की जांच हुई है उसमें किसी को दोषी नहीं पाया गया।सन 2002 में कांग्रेस सरकार के एक राज्य मंत्री रहे नेता की अश्लील सीडी सुर्खियों में रही हालांकि यह सार्वजनिक नहीं हुई पर इस सीडी को लेकर लंबे समय तक चर्चा होती रही। 2003 में विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा के कद्दावर नेता, तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री दिलीप सिंह जूदेव की सीडी भी चर्चा में रही।किसी होटल में उनका स्टिंगऑपरेशन किया गया।उसमें जूदेव का एक डॉयलॉग..'पैसा खुदा तो नहीं पर खुदा से कम भी नहीं'ज्को भी प्रमुख समाचार चैनलों में दिखाया गयाऔर बाद में जूदेव को अटल बिहारी वाजपेयी मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा साथ ही उनका छग के प्रथम मुख्यमंत्री बनने का दावा भी स्वमेव समाप्त हो गया।इस सीडी की भी जांच हुई पर मामला सिफर ही रहा।इसी के साथ 2003 में ही डॉ. रमन सिंह की पहली सरकार बनने के समय भाजपा विधायकों की खरीद-फरोख्त का भी एक स्टिंग ऑपरेशन हुआ था पर इस मामले में भी कोई प्रगति नहीं हुई। 2005 में संसद में सवाल पूछने के नाम पर पैसा लेने के मामले में स्टिंगऑपरेशन में राजनांदगांव के तत्कालीन सांसद प्रदीप गांधी को अंततः इस्तीफा देना पड़ा। एक भाजपा नेत्री का एसएमएस भी काफी चर्चा में रहा।इधर 2008 में जग्गी हत्या कांड के मामले में फैसला आने के बाद दोषी करार दिये एक आरोपी के भाई ने भी एक सीडी जारी की थी जिसमें मुख्यआरोपी पर लेन-देन का आरोप लगाकर बरी करने का जिक्र था। इस सीडी को लेकर अवमानना याचिका भी लगी। इधर 2013 में इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले के तत्कालीन मैनेजर उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट की सीडी भी जारी हुई।इसमें तब के सत्तापक्ष के कुछ बड़े नेताओं के नाम थे।अंतागढ़ उपचुनाव 2013 में कांग्रेस ने 2016 में एक सीडी जारी की थी जिसमें कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी से चुनाव नहीं लडने़ के एवज में सौदेबाजी करने का जिक्र था। जिसमें एक युवा नेता तथा एक नेता के दामाद का भी जिक्र था। वहीं डॉ रमनसिंह के एक मंत्री की भी एक सीडी की भी बड़ी चर्चा हुई, कुछ पर मामले बनें, गिरफ्तारी भी हुई पर अभी तक रिजल्ट नहीं आया।वैसे शुक्र है कि इस विधानसभा चुनाव मेंअभी तक किसी सीडी की चर्चा नहीं है पर कुछ सीडियां आ जाएं तो आश्चर्य नहीं होगा?

### भूपेश को मतदान के पहले घेरने की तैयारी?...


छग के सीएम भूपेश बघेल ने पहले ही आशंका जाहिर की थी कि जैसे जैसे चुनाव नजदीक आएंगे वैसे वैसे ईडी की कार्यवाही तेज होती जाएगी। उन्होंने सेन्ट्रल फोर्स की भी जाँच की मांग की थी। वैसे भूपेश की आशंका सही साबित हो रही है।महादेव ऐप के प्रमोटर्स द्वारा भूपेश को 508 करोड़ किस्तों में देने का आरोप ईडी लगा रही है। इसे महादेव ऐप के जरिये देने की स्वीकारोक्ति ईडी रिमांड में लेने के बाद एक वार्ड मेंबर के ड्राइवर असीम दास ने की है। उसके पास से ईडी ने कल 5करोड़ 39 लाख नगदी जप्त किया है।साथ ही 15करोड़ 59 लाख के बैंक बैलेंस का भी पता चला है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या छ्ग के सीएम को चुनाव खर्च के लिये रकम देने क्या केवल एक ड्राइवर ही मिलाज.?फिर क्या वह साधारण ड्राइवर सीधे सीएम को रकम देता था?यदि वह कैश कुरियर है तो बेनामी खाते में करीब 15 करोड़ 59 लाख रूपये कैसे मिलाज? छ्ग में ईडी सक्रिय है तब भी क्या ड्राइवर के खाते में इतनी बड़ी रकम जमा कराने की बेवकूफी दुबई में बैठे महादेव ऐप के लोग कर सकते हैंज?इधर ईडी की जद में आए कुछ लोगों ने यह आरोप भी पहले लगाया था कि सीएम एवं उनके परिवार के खिलाफ बयान देने भी ईडी के अफसर दबाव बना रहे हैं। इधर छ्ग के डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव का कहना है कि आरोप तो किसी पर कोई भी लगा सकता हैज?

### चाचा की लड़ाई दो भतीजों से इस बार...

छग विधानसभा चुनाव में सबसे हाईप्रोफ़ाइल सीट पाटन तो थी ही पर अब इस सीट में चुनाव दिलचस्प हो गया है। यहां परंपरागत प्रतिद्वंदी चाचा भूपेश बघेल तथा भतीजे विजय बघेल के बीच तो मुकाबला होना तय है। पर नामांकन दाखिले के अंतिम दिन दूसरे भतीजे(?)अमित अजीत जोगी की इंट्री से चुनाव दिलचस्प हो गया है। भूपेश बघेल के कांग्रेस अध्यक्ष रहते ही अजीत जोगी, डॉ रेणु जोगी सहित अमित जोगी को कांग्रेस से न केवल बाहर होना पड़ा बल्कि नई राजनीतिक पार्टी भी बनाना पड़ा.. वैसे इसी के बाद छ्ग में कांग्रेस की सरकार भी बनी और भूपेश सीएम भी बने।जोगी परिवार से भूपेश की राजनीतिक और व्यक्तिगत कटुता किसी से छिपी नहीं है। कहा तो यह भी जाता है कि जोगी कॉंग्रेस के कॉंग्रेस में विलय नहीं होने के पीछे भूपेश बघेल की अहम भूमिका है। वे किसी भी हालत में अमित जोगी की कांग्रेस में वापसी के विरोधी हैं।वैसे इस विधानसभा चुनाव में अमित जोगी अपनी तथा अपनी पार्टी के लिये अस्तित्व की लड़ाई ही लड़ रहे हैंज?



### अमीर विधायक : पहले सिंहदेव, दूसरे अमितेश शुक्ल





छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव 447.77 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सबसे अमीर विधायक हैं। वहीं राजिम विधायक अमितेश श्यामा चरण शुक्ल 74 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद अकलतरा के भाजपा विधायक सौरभ सिंह ठाकुर हैं, जिनकी संपत्ति 27 करोड़ रुपये है।पाटन का प्रतिनिधित्व करने वाले सीएम दाऊ भूपेश बघेल की कुल संपत्ति 23 करोड़ रुपये है और राज्य में 15 सालों तक सीएम रहे भाजपा नेता रमन सिंह ने 10 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की है।

### पूर्व आईएएस ओपी चौधरी की पत्नी के खिलाफ शिकायत...



विधानसभा चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में केंद्रीय चुनाव आयोग सहित छ्ग चुनाव आयोग को शिकायत कर कलेक्टर को हटवाने में सफल होनेवाले पूर्व आईएएस तथा रायगढ़ के भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी की पत्नी तथा रेल अधिकारी चुनाव आयोग की जाँच के दायरे में है।

कांग्रेस ने रायगढ से भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी की पत्नी के खिलाफनिर्वाचन आयोग में शिकायत की है।कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से ओपी चौधरी की पत्नी पर चुनाव प्रचार करने का आरोप लगाया है।यहां यह बताना जरुरी है कि ओपी चौधरी की पत्नी रेलवे में अधिकारी है। कांग्रेस ने उनके खिलाफ आदर्श आचार संहिता और सिविल सेवा के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की है।

### और अब बस...

- » छग में पहली बार एक महिला आईएएस रीना बाबा कंगले विस चुनाव करा रही हैं।
- » अजातशत्रु बृजमोहन अग्रवाल इस बार कड़े मुकाबले में फंसे हैं।
- » कोटा विधानसभा में इस बार रेणु जोगी, प्रबल प्रताप, अटल श्रीवास्तव और निर्दलीय तरुण साहू के बीच दिलचस्प मुकाबला है?

### पीएचडीसीसीआई का छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री मीट 2023

# औद्योगिक विकास की रणनीति पर चर्चा



**रायपुर, 5 नवम्बर।** पीएचडी चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) अपने छत्तीसगढ़ चैप्टर के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री मीट 2023: छत्तीसगढ़ में औद्योगिक परिदृश्य पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिए और भविष्य की योजनाएं तय करने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा करना था। इस सम्मेलन में मुख्य अध्यक्ष के रूप में प्रतीक सिंह (हेड-कॉर्पोरेट अफेयर्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, एएमएनएस) और नवनीत गर्ग (कार्यकारी निदेशक, नर्मदा ड्रिंक्स प्राइवेट लिमिटेड) ने सह-अध्यक्ष के रूप में इस सम्मलेन का नेतृत्व किया। उन्होंने कई कार्यक्रमों और नीतिगत पहलों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएचडीसीसीआई के दृष्टिकोण को सदस्यों के सामने रखा।

पीएचडीसीसीआई लंबे समय से छत्तीसगढ़ में नीति और जमीनी स्तर पर काम करते हुए सरकार और उद्योग के बीच के अंतर को मिटाने में कार्य करता आया है। इंडस्ट्री मीट, राज्य में मजबूत इंडस्ट्रियल एक्सपेंशन की गति को बनाए रखने और योजनाओं को क्रियान्वित करने का एक मंच बन गया है। रेजिडेंट डायरेक्टर सुमित दुबे ने इस वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ चैप्टर की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें नीति, कार्यक्रम, प्रकाशन और सदस्यता में बढ़ोतरी जैसे विषय शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान, प्रतीक सिंह ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला और राज्य के विकास में योगदान देने वाली दूरदर्शी नीतियों और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा की।

इस संगोष्ठी ने पीएचडीसीसीआई सदस्यों, उद्योग जगत के लीडर्स, अनुभवी पेशेवरों और विशेषज्ञों को वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य का मूल्यांकन करने और एक उज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एकजुट करने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

# कुम्हारी स्थित डिस्टलरी का निरीक्षण




**रायपुर, 5 नवम्बर।** आगामी विधान सभा निर्वाचन -2023 में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हेतु आयोग द्वारा जारी निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा को ज़िला दुर्ग में स्थित आसवनी छत्तीसगढ़ डिस्टलरी लिमिटेड कुम्हारी का आकस्मिक दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्पिरिट रूम, स्टॉक रूम, बॉटलिंग प्लांट को देखा।

प्लांट में पदस्थ अधिकारियों से उन्होंने मदिरा विनिर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया से लेकर मदिरा की बॉटलिंग, लोडिंग, स्कैनर के माध्यम से मदिरा का डिस्पैच से संबंधित समस्त प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को समस्त रजिस्टर को नियमानुसार संघारित कर अपडेट रखने, सभी सीसीटीवी कैमरा द्वारा प्लांट की 24/7 निगरानी करने, कैमरों का 15 दिन तक बैकअप रखने, बूम बैरियर ऑथोराइज्ड पर्सन द्वारा ही खोले जाने हेतु निर्देशित किया .प्लांट में अग्नि शमन यंत्र की वैलिडिटी चेक करने डिस्लरी प्रभारी को निर्देशित किया. प्लांट में तैनात आर्म्ड फ़ोर्सेज़ से भी उन्होंने चर्चा कर आयोग की मंशानुरूप कार्य करने हेतु प्रेरित किया। आयुक्त आबकारी द्वारा डिस्टलरी में अवस्थित इथेनॉल प्लांट यूनिट में आसवक द्वारा कम्पिटेंट अथॉरिटी के अनुमोदन के बिना एथनॉल प्लांट के लिए मोडीफ़िकेशन पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए डिस्टलर को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

आयुक्त ने आसवनी में पदस्थ अधिकारियों महिमा पट्टावी ज़िला आबकारी अधिकारी, पूनम सिंह एवं घासीराम आड़े सहायक ज़िला आबकारी अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री में मॉडिफिकेशन की जानकारी आबकारी आयुक्त को नहीं भेजकर कार्य में लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## सरेआम शराब पीते आधा दर्जन पकड़ाए

**रायपुर, 5 नवम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने पदमनी इंक्लेव मार्ग में सरेआम शराब पीते आरोपी दीपक देवांगन 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने आरोपी योगेश पटेल 32 वर्ष, आमानाका पुलिस ने आरोपी मिंटू वर्मा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी अजय मुदलियार 31 वर्ष, संजय सिन्हा 25 वर्ष व मुकेश जायसवाल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# सेप्सिस मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एकः साहू

**रायपुर, 5 नवम्बर।** इंडियन सोसायटी फॉर क्रिटिकल केयर मेडिसीन (आईएससीसीएम) जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन द्वारा जानलेवा इन्फेक्शन (सेप्सिस) पर रविवार को दोपहर 12 बजे से होटल एंब्रोसिया जीई रोड रायपुर में जन सामान्य के लिए जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेप्सिस एक जानलेवा बीमारी है जिसका समय पर निदान नही होने से जान जाने का बहुत खतरा रहता है। इस विषय पर देश के विभिन्न शहरों के डॉक्टर्स ने अपना योगदान दे कर एक मॉड्यूल तैयार किया है जिससे इस जानलेवा बीमारी को समझने एवं रोकथाम में मदद मिलेगी। आप सभी इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित है। इस विषय पर चर्चा के लिए रायपुर के



■ **इंडियन सोसायटी फॉर क्रिटिकल केयर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन**

विभिन्न हॉस्पिटल के डॉक्टर्स भी उपलब्ध थे। जब भी हमारे शरीर में कोई संक्रमण होता है हमारा प्रतिरक्षा तंत्र प्रणाली उसे ख़त्म कर देता है इस प्रक्रिया में शरीर का तापमान बड़ जाता है जिसे हम बुख़ार कहते है। इस लड़ाई में अगर हमारा रक्षा तंत्र जीतता है तो बुख़ार आना बंद हो जाता है लेकिन जब हमारा रक्षा तंत्र हार जाता है और संक्रमण जीत जाता है तब संक्रमण तेज़ी से पूरे शरीर में फैल जाता है और शरीर के महत्वपूर्ण अंग जैसे किडनी लिवर और हार्ट को प्रभावित (बंद) करता है जिसे सेप्सिस कहते है और यह स्थिति इतनी गंभीर होती है की इससे ग्रसित > 50त्न से ज़्यादा मरिज़ो की मृत्यु हो जाती है। और यह द्रुष्ट में सामान्यतः बहुत सारे मरीजो में पायी जाती है। जब हमारा रक्षा प्रणाली हारता है तब शरीर की कोशिकाएँ ऐसे केमिकल श्रावित करती है जिससे शरीर के महत्वपूर्ण अंग प्रभावित होते है, इसलिए इसे आमतौर पर ब्लड पॉइजनिंग कहा जाता है। संक्रमण बैक्टीरिया, फंगल, वायरल और परजीवी किसी से भी हो सकता

# प्रीस्कूलरों में खेल और शारीरिक विकास पर जोर

**रायपुर 5 नवंबर।** लिटिल मिलेनियम रोमांचक और अच्छी उपस्थिति वाली स्पोर्ट्स मीट हुई, जिसमें प्रीस्कूलरों में खेल और शारीरिक विकास के महत्व को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित थे, जिनमें एकता चिल्ड्रेन हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. संगीता नागराज; प्रसिद्ध पर्वतारोही और 'हाफ ह्यूमन, हाफ रोबो' चित्रसेन साहू; द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल के निदेशक आर्य सर; भीषण सर, एक प्रसिद्ध एथलीट; मोना मुस्सदी, मुख्य शिक्षण अधिकारी, टाटीबंध; अनुभूति श्रीवास्तव, सीएलओ, लिटिल मिलेनियम प्रियदर्शगनी नगर; और संजय कदम, एक जुनूनी बैडमिंटन खिलाड़ी। बच्चों का उत्साह और ऊर्जा इतनी प्रभावशाली थी कि




उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और दौड़ से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 2 से 3 वर्ष की आयु के बच्चों ने गेंदों को उनके रंगों के अनुसार क्रमबद्ध किया, गेंदों को डिस्पोजेबल गिलासों पर संतुलित किया और गाय को खिलाने के लिए दौड़ पड़े। 3 से 4 वर्ष की आयु के बच्चों ने पिरामिड बनाने के लिए दौड़ लगाई, चित्रों के साथ वर्णमाला का मिलान किया और अपना स्कूल बैग पैक किया। 4 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को चम्मच पर नींबू रखते हुए, किताबों को संतुलित करते हुए और हुल्ला हूप दौड़ करते हुए देखना आनंददायक था। 5 से 6 साल के बच्चे टेबल के नीचे रेंगते थे, रस्सी पर कूदते थे और टायर पर चढ़कर बाधा दौड़, संतुलन बोतल और बोरी दौड़ करते थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23